● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 306, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 25 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





सरकार संकट में किसानों के साथ : शिवराज 5

स्मृति को मिला दमदार खेल का इनाम 6

## सत्कर्म से मनुष्य अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव चित्तौडा में श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति का अपना विशेष महत्व है। मनुष्य जीवन सत्कर्म के लिए प्राप्त हुआ है। कथा श्रवण के माध्यम से हमें जीवन दर्शन की राह मिलती है, जो हमें सदमार्ग की ओर चलने के लिए सदैव प्रेरित करती है। गौमाता की सेवा भगवान की सेवा के समान है। संत कमल किशोर नागर महाराज गौसेवा के एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। संत श्री के प्रयासों से मालवा, निमाड़, जनजाति अंचल सहित प्रदेश भर में गौमाताओं के पालन का दायित्व निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय और वंदनीय है। भगवत गीता से हमें कर्म के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति ऐसे सदकर्म करें, जिससे उनकी भावी पीढ़ी पुण्य के मार्ग पर चले और मनुष्य जीवन को सार्थक बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर जिले के सांवेर स्थित चित्तौडा में श्रीमद्भागवत गौशाला में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमद्भागवत गौशाला चित्तौडा की भूमि को गौशाला के नाम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती के आयोजन से पूरे प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के संदेश को पहुंचाने का कार्य किया गया है। संत श्री कमल किशोर जी नागर के द्वारा निस्वार्थ भाव से गौशाला संचालन के लिए जो पुनीत कार्य की अलख जगाई गई है, वह वंदनीय है। संत श्री ने गौशाला संचालन के साथ कई आदर्श निर्मित किए हैं, जो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान विकास को एक नई दिशा देने का काम करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से विकास को एक नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में दो नदी जोड़ो अभियान से लगभग 25 जिलों के बड़े क्षेत्रों में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। नदी जोड़ो अभियान से प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोवंश पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। घर-घर गोपाल और गांव-गांव वृंदावन बने, इसके लिए प्रदेश के 313 ब्लॉक के एक-एक गांव में जहां 500 से अधिक गोवंश होगा, उनको वृंदावन गांव बनाकर आदर्श रूप में विकसित करेंगे। वहीं 10 से अधिक गौमाता पालने वाले पशुपालकों को अनुदान देकर प्रोत्साहित करेंगे ताकि घर-घर गोपाल बने। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध खरीदी पर बोनस भी दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य कि जिससे घर-घर दूध उत्पादन बढ़े और प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोपालन के प्रति लोगों में रुचि बढ़े, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने संत कमल किशोर जी नागर द्वारा गोवंश संरक्षण एवं गौशाला के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यास पीठ का पूजन कर संत श्री नागर का शाल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा बांधकर सम्मान किया गया।

## बायोमैट्रिक तकनीक से करें अज्ञात शवों की पहचान : शाह

### गृह मंत्री ने की नए कानूनों की समीक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अधिकारियों के साथ नए आपराधिक कानूनों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अज्ञात शवों और अज्ञात लोगों की पहचान बायोमैट्रिक तकनीक से की जाए। साथ ही आपराधिक मामलों की जांच में भी तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।

गृह मंत्री ने कहा कि पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए सभी आपराधिक मामलों के पंजीकरण से लेकर उसको निपटाने तक सभी चरणों के लिए समयसीमा तय की जाए। इसके अलावा जांच अधिकारियों के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी समय सीमा के मुताबिक अलर्ट भेजे जाएं। ताकि जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस 2.0), फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस), जेल, न्यायालय, अभियोजन और फॉरेंसिक को आईसीजेएस 2.0 के साथ जोड़ने को लेकर चल रही प्रक्रिया को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की गई। गृह मंत्री ने एनसीआरबी से आईसीजेएस 2.0 में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-साइन और ई-सम्मन एप के उपयोग पर जोर दिया जाए। इसके साथ ही गृह मंत्रालय और एनसीआरबी अधिकारियों की टीम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करे। टीमें एप समेत नई तकनीकी जानकारियां देने और उन्हें लागू करने में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की मदद करे। इसके साथ ही राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस संरचनाओं के साथ नियमित बातचीत की जाए। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी को जांच अधिकारियों और आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों की मदद के लिए विस्तृत डाटा तैयार करना चाहिए। एक जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनयम देशभर में लागू हो गए हैं।

## दिल्ली में देंगे 24 घंटे साफ पानी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। इससे पहले भी



केजरीवाल ने तीन बड़ी घोषणाएं की हैं।

बूस्टर पंपिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजेंद्र नगर के पांडव नगर स्थित डीडीए फ्लैट्स के स्थानीय आवास पर पहुंचे। जहां पर पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए अरविंद केजरीवाल ने सीधे नल से पानी पिया और कहा कि ये पानी साफ है।

बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की।

## सेना का वाहन गहरी खाई में गिरा, हादसे में पांच जवानों की मौत

**जम्मू।** जम्मू के पुंछ जिले के मेंढर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सेना का एक वाहन गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में पांच जवानों की मौत हो गई, जबकि कई जवानों के घायल होने की खबर है। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सकीय सहायता दी जा रही है। उप जिला मेंढर में भारत पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर स्थित बलनोई क्षेत्र में यह हादसा हुआ है। खाई 300 मीटर से ज्यादा गहरी बताई जा रही है।

## संसद का समय बर्बाद करने के लिए मांगे माफी

### सीएम फडणवीस ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर संसद का समय बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. बीआर आंबेडकर के बारे में दिए बयान को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को मंगलवार को नाटक करार दिया। साथ ही कहा कि संसद का समय बर्बाद करने के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाया है कि कैसे गांधी परिवार ने हमेशा आंबेडकर का विरोध किया। शाह के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी विरोध के



बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह नाटक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को अमित शाह का अधूरा वीडियो ट्वीट करने और संसद का समय बर्बाद करने तथा अब लोगों का समय बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने कभी आंबेडकर को सम्मान नहीं दिया, लेकिन अब वह राजनीति के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करना चाहती है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि बीड जिले में हाल ही में हुई सरपंच की हत्या को विपक्ष राजनीति का रूप देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति बीड जिले के लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश नहीं करेगा। उन्होंने भाजपा विधायक सुरेश के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने स्थानीय राकांपा नेता वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी की मांग की थी। सुरेश ने यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री को खुद बीड जिले का गार्जियन मंत्री बनना चाहिए।

## सूरत के पास पटरी से उतरी सौराष्ट्र एक्सप्रेस

**सूरत।** गुजरात में सूरत के पास एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से टल गया है। जानकारी के मुताबिक, दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस मंगलवार दोपहर गुजरात के सूरत से 27 किलोमीटर दूर किम स्टेशन पर पटरी से उतर गई। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि दोपहर 3.32 बजे इंजन के बगल में गैर-यात्री कोच के चार पहिए पटरी से उतर गए, जब ट्रेन (संख्या 19015) पोरबंदर जाने के लिए स्टेशन से निकल रही थी। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, इस घटना में किसी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है।

## सीएम सोरेन ने सरकारी कर्मचारियों को दिया नए साल का तोहफा

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर मूल वेतन का 53 प्रतिशत कर दिया। जो इस साल 1 जुलाई से प्रभावी होगा। सरकार ने महंगाई भत्ते में कुल 3 फीसदी की बढ़ोतरी की है। पेंशनभोगियों को मिलने वाली महंगाई राहत में भी 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे भी 53 प्रतिशत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि इस बढ़ोतरी से राज्य के तीन लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा कुल 10 प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-यूएसएचए) के तहत हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय (वीबीयू) के परिसर में बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) के लिए 99.56 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति शामिल है।

## कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब



के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफ़ी मांगनी पड़ी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमान की चिंता है। वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को लोकसभा की किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था। वह भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में तमाम प्रकार के सामाजिक बंधनों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा अर्जित की। उन्होंने अर्थव्यवस्था और कानून के क्षेत्र में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डिग्री अर्जित की। उन्होंने भारत को अपने उस ज्ञान से आलोकित करने में अपनी पूरी ताकत लगाई।

सीएम ने कहा कि यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमान का है।

## आतंकियों के एनकाउंटर पर बौखलाया आतंकी पन्नू

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से बड़ी खबर सामने आ रही है। पूरनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुठभेड़ में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद कनाडा में बैठा खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू बौखला गया है। उसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह गीदड़भभकी दे रहा है। उसने महाकुंभ में पीलीभीत एनकाउंटर का बदला लेने की बात कही है। पन्नू 14 जनवरी, 29 जनवरी और तीन फरवरी बोलता है। वह कहता है कि इन तारीखों का याद रखना है। पन्नू ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी अपशब्द कहे हैं। पीलीभीत में वर्ष 1991 में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादियों को शहीद बताया। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पीलीभीत मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने का एलान किया।

## मुंबई पुलिस ने 10 बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में 10 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने बिना किसी दस्तावेज के अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में आठ महिलाओं और दो पुरुषों समेत दस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई की तरफ से सप्ताह के अंत में वाशी और खारघर क्षेत्रों में की गई छापेमारी के बाद की गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बांग्लादेशी पुरुष आम तौर पर मजदूर के रूप में काम करते हैं जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं।

## कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च



**भोपाल।** अमित शाह द्वारा भीमराव अंबेडकर पर किए गए टिप्पणी का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। मध्य प्रदेश में भी इसे लेकर बवाल मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी लगातार अलग-अलग तरीके से विरोध दर्ज कर रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। भोपाल में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, विधायक आरिफ मसूद, आतिफ अकील समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। अन्य जिलों में लोकल नेताओं ने इसका नेतृत्व किया इस दौरान मीडिया से बात करते हुए पीएससी के जीतू पटवारी ने कहा बीजेपी संविधान विरोधी, दलित विरोधी और अंबेडकर विरोधी है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सासंद दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा हमेशा से दलितों, आदिवासियों, गरीब और मध्यमवर्ग विरोधी रही है। आरक्षण जैसे मुद्दों पर बात करने के बजाय जनता को भ्रमित कर ध्यान बांटने का काम केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें कर रही हैं। बाबा साहेब के बनाये गये संविधान के साथ छेड़छाड़ कर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। बाबा साहेब का अपमान करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होना चाहिए।

## पीएम आज रखेंगे देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना की नींव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश के खजुराहो के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टांप और सिक्का भी जारी करेंगे। देश को नदी जोड़ो की परिकल्पना देने वाले स्व. वाजपेयी की जयंती पर यह मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ी सौगात होगी। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार दोपहर 12:10 पर खजुराहो आएंगे और सभी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 2:20 पर वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद रहेंगे।

केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से



मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। साथ ही जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावाट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जाएगा। जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर और बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री मोदी खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में अक्टूबर महीने से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया। परियोजना के द्वितीय चरण की 240 मेगावांट क्षमता के लिए एमपीपीएसीए से आवश्यक सहमति उपरांत चयनित विकासक सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड से अनुबंध हस्ताक्षरित किया जाना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन कर प्रथम किश्त का वितरण भी करेंगे। प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों में से भवन विहीन, जीर्ण-शीर्ण भवन और अनुपयोगी 2500 ग्राम पंचायतों को नवीन भवन की स्वीकृति के लिए चिन्हित किया गया है। प्रारंभिक चरण में 1153 नवीन पंचायत भवनों के लिए 437.62 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी का मत था कि पंचायत भवन, ग्राम पंचायत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण अधोसरंचना है।

# सिंगरौली में 70 फीसदी रोजगार का दावा फेल

## युवा संगम रोजगार मेला के नाम पर कोरमपूर्ति, बेरोजगारों ने कहा सब दिखावा है



**सिंगरौली।** एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार देने का दावा करती है लेकिन युवा संगम रोजगार मेला में सरकार के यह दावे फेल होते दिखाई दिए। रोजगार मेला के नाम पर सिर्फ कोरमपूर्ति का खेल किया जा रहा है रोजगार मेला में युवाओं ने कहा कि यह सब दिखावा है किसी की नौकरी नहीं लगती है।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा युवा संगम अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला सा करियर काउंसलिंग जिला प्रशासन के द्वारा सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में आज मंगलवार 24 दिसंबर को पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिंगरौली में जिला रोजगार मेला का वृहद आयोजन किया गया था। इस रोजगार मेला में हजारों की तादाद में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की काफी भीड़ पहुंची हुई थी। यहां तक की अधिकांश संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाएं और युवतिया भी पहुंची हुई थी। जहां इस मेले में पर्ची लेकर पहुंचे हुए थे। जब बेरोजगार युवाओं ने कहा कि इस मेले में बड़ी उम्मीद लेकर पहुंचे हुए थे लेकिन रोजगार मेला के नाम पर सिर्फ ठगा जा रहा है। यहां बायोडाटा लेकर सिर्फ औपचारिकता पूरी कर रहे हैं युवाओं ने आगे कहा कि इसके पूर्व पचोर में रोजगार मेला लगा हुआ था वहां भी हम लोग बायोडाटा दिए थे लेकिन आज तक नहीं कोई फोन आया और ना ही किसी कंपनी ने संपर्क किया। बेरोजगार युवा दुरदराज की एरिया से आते हैं। समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। लेकिन जिला प्रशासन और सरकार सिर्फ दिखावे के लिए रोजगार मेला लगाकर प्रोपेगेंडा फैला रहा है कि हम बेरोजगारों को रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। रोजगार मेला जिले में कई सालों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें बेरोजगार कर्ज लेकर अपना बायोडाटा बनवाते हुए पैसा खर्च करके रोजगार मेला में पहुंचते हैं। कई वर्षों से रोजगार मेला लग रहा है लेकिन बेरोजगारों की भीड़ कम नहीं हो रही है। हर बार एक ही चेहरे रोजगार पाने के लिए पहुंचते हैं लेकिन निराशा ही हाथ लगती है। अगर आंकड़ों की बात करें तो इन रोजगार मेलों में आई हुई कंपनियां कितने बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार दी है यह बताने के लिए ना तो कंपनियां तैयार हैं और नहीं प्रशासनिक अमला के जिम्मेदार अधिकारी। दोनों इन आंकड़ों को जिस तरीके से छुपा रहे हैं यह कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

पढ़ा लिखा बेरोजगार युवक रोजगार मेले में जा जाकर अब थक चुका है उसका न केवल रोजगार मेले से बल्कि सरकार से भी मोह भंग होता नजर आ रहा है। रोजगार मेले में आ रहे लोग अब आपस में चर्चा करने लगे हैं कि रोजगार मेला सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए और बाहवाही लूटने के लिए आयोजित की जा रहा है, मेले का उद्देश्य रोजगार देना नहीं बल्कि जिला प्रशासन और सरकार को सुर्खिया बटोरना है आने वाले समय में बेरोजगारों ने सरकार को आईना दिखाने का मन बनाने लगे हैं। हालांकि आने वाला वक्त ही बताया कि रोजगार मेले के जरिए सरकार ने लोगों का विश्वास जीता है या फिर खोया है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना ।यह तभी संभव होगा जब योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा ।उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत पूर्वा एवं जियावन में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत पूर्वा एवं जियावन में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित विभागवार अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि इस अभियान में गठित संपर्क दल घर घर जाकर योजनाओं एवं अभियान की जानकारी दे एवं पात्रतानुसार आवेदन ले ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनराज सिंह बीआरसीसी, सूरज मिश्रा एसडी ओ आरईएस, डॉ सी एल सिंह सीबीएमओ, शशिकांत तिवारी एपीओ, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, उदयभान पाठक बीसी स्वच्छता, राजेश सिंह प्रबंधक एनआरएलएम, नीलेश चतुर्वेदी सरपंच पूर्वा, पप्पू देवी सरपंच जियावन,महादेव साकेत, परशुराम तिवारी, मोहम्मद्दीन अंसारी, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पशुपालकों की खुशहाली के लिए लिए अदाणी फाउंडेशन का गौ समृद्धि परियोजना

**नस्ल सुधार के साथ गांवों में होगा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, सिंगरौली जिले के 14 गांवों के पशुपालक होंगे लाभान्वित**

**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण पशुपालकों को लाभकारी स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से पशुधन विकास कार्यक्रमों की शुरुआत की गयी है। इसके अंतर्गत बाइफ संस्था के साथ मिलकर सरई तहसील अंतर्गत धिरौली गांव में पशुधन विकास केन्द्र के माध्यम से सिंगरौली जिले के 14 गांवों के पशुपालक लाभान्वित होंगे। चयनयित गांवों में धिरौली, फाटपानी, भलया टोला, खनवा खास, खनवा नया, जट्टा टोला, झलरी, आमडांड, अमरई खोह, बजौड़ी, सिरसवाह, मझौलीपाठ, बेलवार एवं डोंगरी शामिल है। एकीकृत पशुधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं के उत्तम स्वास्थ के लिए टीकाकरण, पशुओं के आहार प्रबंधन एवं उत्तम गुणवत्ता का हरे चारे की व्यवस्था एवं उसका प्रबंधन जैसे जानकारी चयनित महिला पशुपालक एवं प्रगतिशील किसानों के साथ मीटिंग एवं प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी जा जाती है। सभी चयनित ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन का सहयोगी संस्था बाइफ के कर्मचारियों द्वारा पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है एवं पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं पशुपालकों को तकनीकी सुझाव दिए जाते हैं।गौरतलब है कि अब तक पशुधन विकास के लिए आयोजित 30 विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 1134 पशुओं का उपचार किया गया है जबकि पीपीआर वैक्सीन से 1400 पशुओं का टीकाकरण किया गया है। इन कार्यक्रमों में बांझपन निवारण के लिए 51 पशुओं का उपचार किया एवं सॉर्टेड सीमेन के जरिये सफलतापूर्वक 40 गाय, भैंस एवं बकरी का कृत्रिम गर्भादान करवाया गया।सोमवार को पशुपालकों के लिए आयोजित शिविर में ग्राम भलया टोला के सरपंच गोविन्द प्रसाद वैश्य, उप-सरपंच अनूप सोनी, अदाणी फाउंडेशन की ओर से केदार नाथ शर्मा, सहयोगी संस्था बाइफ की टीम के साथ काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# शादीशुदा महिला को कुंवारे लड़के से प्यार करना पड़ा महंगा, फिर हो गई हत्या, एसपी ने किया खुलासा

## गोरबी के परेवा नाला के झाड़ियों में मिला था महिला का शव, आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरबी चौकी के परेवा नाला पर बीते 24 नवंबर को एक महिला की हत्या की गई थी। जहां इस अंधी हत्या का खुलासा आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा किया गया। यह अंधी हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वही पुलिस के इस सराहनीय कार्य को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधिकारियों को 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

खुलासे में बताया गया कि 24 नवंबर को गोरबी पुलिस को सूचना मिली कि परेवा नाला के पास रेलवे ट्रेक से करीबन 30-40 मीटर दूर झाडियों में एक महिला की लाश मिली है। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर अज्ञात मृतिका के शव की पहचान कराई गई। जो महिला ग्राम महदईया की रहने वाली रीता विश्वकर्मा के रूप में पहचान हुई जो 20 नवंबर को अपने घर से दोपहर के समय निकली थी और फिर वापस नहीं लौटी। इस संबंध में उसके पति बृजेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया एवं पीएम रिपोर्ट व जांच में आये साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जहा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में व एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा कपूर त्रिपाठी और चौकी प्रभारी भिपेंद्र पाठक व पुलिस टीम द्वारा अपनी विवेचना में महिला के घर से गुम होने के दिन से लगातार पतासाजी की जा रही थी।सायबर सेल की मदद से महिला के संपर्क में रहे व्यक्तियों की जानकारी ली गई। इस कार्रवाई मेंथाना प्रभारी मोरवा कपूर त्रिपाठी, चौकी प्रभारी गोरबी उप निरीक्षक भिपेन्द्र पाठक, सहा उप निरी. सतीश दीक्षित, सउनि गुलराज सिंह, प्रआर राजकुमार, नरेन्द्र यादव, उमाकांत शुक्ला, आर विश्वजीत यादव के साथ सायबर सेल के सोबाल वर्मा एवं नंदकिशोर बागरी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

पतासाजी में पाया गया कि रीता विश्वकर्मा का संपर्क शक्तिनगर निवासी प्रदीप कुमार साकेत से लगातार विगत एक वर्ष से बातचीत होती थी। प्रदीप से पूछताछ पर महिला एवं प्रदीप का प्रेम प्रसंग की बात सामने आई। महिला प्रदीप कुमार के साथ एक साल से जुडी हुई थी। महिला अपने प्रेमी पर अपने साथ रहने के लिए लगातार दबाब बना रही थी। घटना दिनांक को भी महिला अपने घर से अपने प्रेमी से मिलने के लिये दोपहर को निकली जो बस स्टेंड मोरवा प्रदीप साकेत से मिली जो प्रदीप साकेत उसे ओड़ी मंदिर अनपरा घुमाकर रेल्वे स्टेशन मोरवा के पास आया बाद घटना स्थल के पास ले जाकर दोनो के बीच हुई बातचीत में महिला नें अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गई। इसी पर से प्रदीप ने उक्त महिला को गर्दन पकड़कर निचे गिरा दिया और पास ही पड़े पत्थर से सिर व चेहरे में गंभीर चोट पहुचां कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते इस मामले में एक-एक कड़ी को जोडकर इस अंधी हत्या का खुलासा करने में सफलता पाई है। मामले के आरोपी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में सम्पन्न हुई 84वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 84वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों/अनुभागों मे राजभाषा अधिनियम नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं अक्टूबर से दिसंबर, 2024 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है।राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य कर रहें कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर और काम हिंदी में करने के लिए कहा । बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा द्वारा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) एजे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालनी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों का अभिनंदन कर अक्टूबर से दिसंबर, 2024 तिमाही के दौरान राजभाषा अनुभाग की विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी व विगत बैठक के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। अंत में बैठक का समापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# हिंडाल्को के लापता इंजीनियर का नहीं लगा कोई सुराग, जांच में जुटी पुलिस



**सिंगरौली।** जिले के बरगवां स्थित महान अल्युमिनियम प्लांट के ऑटो शॉप विभाग में कार्यरत इंजीनियर आशीष कुमार राय बीते सोमवार सुबह 8 बजे से ही लापता हैं। जिनका 30 घंटे बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद उनके अधिकारियों ने उनकी गुमसुदगी की सूचना थाने में दर्ज कराई है। बरगवां निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा के अनुसार कयास लगाए जा रहे हैं कि पत्नी से विवाद के कारण ही उन्होंने अपना घर छोड़ा है। बरगवां निरीक्षक ने इस मामले में लापता आशीष कुमार राय की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। इधर कंपनी के अधिकारियों की माने तो रविवार को वह अपने सहकर्मियों के साथ पिकनिक पर गए थे। जहां से लौटने के बाद किसी मामले को लेकर उनका विवाद उसकी पत्नी से हुआ था। इसके बाद अगली सुबह उन्होंने बिना किसी को बताएं घर छोड़ दिया।


## कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/5155 /निर्माण/ज.जा.का.वि./2024-25 सीधी, दिनांक 20/12/24

### ई-निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य, एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियाँ http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 24.12.2024
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 13.01.2025
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करनें की अंतिम तिथि - 13.01.2025
4. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि - 17.01.2025

| क्र. | NIT No. | Online Tender id-No. | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करनें तिथि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 4094 | 2024_TAD_389481_2 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास चकडौर का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | रामपुर नैकिन | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 2 | 4094 | 2024_TAD_389528_1 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास पोस्ता का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | रामपुर नैकिन | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 3 | 4094 | 2024_TAD_389536_1 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बम्भ्वावा का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | सीधी | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 4 | 4094 | 2024_TAD_389705_1 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास खोचीपुर का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | सिहावल | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 5 | 4094 | 2024_TAD_389711_1 | शासकीय आदिवासी बालक आश्रम चकडौर का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | रामपुर नैकिन | 15000/- | 231.10 | 231106.00 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 6 | 4094 | 2024_TAD_389724_1 | कन्या शिक्षा परिसर सीधी में एप्रोच रोड सी.सी.रोड निर्माण | सीधी | 10000/- | 66.73 | 66735.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 7 | 4094 | 2024_TAD_390057_1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टंसार में पहुंच मार्ग सी.सी. रोड निर्माण कार्य | कुसमी | 5000/- | 46.60 | 50000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जिला-सीधी (म.प्र.)

जी-20769/24


# प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण 27 को

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम का आयोजन 27 दिसम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ साथ सभी ग्राम पंचायतो में भी आयोजित होगा। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। साथ सभी जनपद पंचायतो के ग्राम पंचायतो में भी प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा।

# एनटीपीसी ने ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी प्रोजेक्ट के लिए एमओयू पर किया हस्ताक्षर



**सिंगरौली।** एनटीपीसी ने 23 दिसंबर 2024 को भुवनेश्वर के लोक सेवा भवन में ग्रिडको (जो कि ओडिशा सरकार का एक उपक्रम है) और ओडिशा सरकार के सार्वजनिक परिवहन एजेंसी क्रूट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह त्रैतीयक एमओयू ओडिशा में ग्रीन ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, विशेष रूप से ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी योजना को आगे बढ़ाने के लिए है समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर डीएमआर पांडा, मुख्य महाप्रबंधक (आर ई), एनटीपीसी लिमिटेड, त्रिलोचन पांडा,एमडी, ग्रिडको और डॉ. एन थिरुमाला नाइक, आईएएस, एमडी, क्रूट के द्वारा किए गए, जिनके साथ कनक वर्धन सिंह देव, उप मुख्यमंत्री, डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र, माननीय आवास और शहरी विकास मंत्री, ओडिशा सरकार की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस मौके पर वी के देव, आईएएस, ऊर्जा सचिव, श्रीमती उषा पद्दी, आईएएस, आवास और शहरी विकास सचिव के साथ-साथ एनटीपीसी , ग्रिडको, क्रूट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।एनटीपीसी भुवनेश्वर में ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूलिंग स्टेशन स्थापित करेगा और साथ ही शॉर्ट-हॉल और लॉन्ग-हॉल ऑपरेशन के लिए हाइड्रोजन बसों का संचालन करेगा। इससे जीवाश्म ईंधन बसों को चरणबद्ध तरीके से हटा कर स्वच्छ और ग्रीन ईंधन को बढ़ावा मिलेगा, जो कार्बन उत्सर्जन में कमी और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना के लिए एम एन आर ई ने भी आंशिक रूप से योगदान किया है।एनटीपीसी गुजरात के सूरत में पिछले दो वर्षों से ग्रीन हाइड्रोजन ब्लेंडिंग परियोजना सफलतापूर्वक चला रहा है और पहले ही लेह, लद्दाख, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) और कंडला (गुजरात) में भी इसी तरह की मोबिलिटी पहलें शुरू कर चुका है।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का कार्यक्रम आयोजित

## उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया

**सीधी।** संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग जिला सीधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग श्रीमती विभा पाण्डेय व श्रीमती अपर्णा मिश्रा की गरिमामई उपस्थिति रही। उन्होंने उपभोक्ताओं के संरक्षण के दिशा में उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग की कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को उपभोक्ताओं के महत्व, अधिकारों और दायित्वों के बारे में जागरुकता लाने के लिए मनाया जाता है। उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का आधार है, उसकी जागरूकता ही बाजार को गति और पहचान प्रदान करती है। इस अवसर पर जागरूक उपभोक्ता बनें और सतर्क होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लें।

कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण श्री नागेन्द्र सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सीधी द्वारा विभागीय गतिविधियों व उपभोक्ताओं के अधिकारों आदि के संबंध में प्रकाश डालते हुये किया गया। कार्यक्रम में श्री प्रमोद कुमार मिश्रा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, श्री देवेन्द्र जैन प्रबंधक लीना इण्डेन द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री राजेन्द्र सिंह पंकज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री संदीप कुमार तिवारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने जिले की गौशालाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए समिति का गठन किया

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर जिले की गौशालाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए समिति का गठन किया गया है। सीधी जिला अंतर्गत ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में कुल 60 गौशालाएं स्वीकृति की गयी है इसके उपरांत भी किसानों की खेती को नुकसान पहुँचाए जाने, सार्वजनिक रास्ते में आवास पशुओं के ठहरने एवं आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने की शिकायत निरंतर प्राप्त हो रही है। साथ ही गौशालाओं में पशुओं के मृतक होने की भी सूचना मिलती रहती है।

जारी आदेशानुसार संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि गौशालाओं की सूची अनुसार निरीक्षण कर आपके क्षेत्रांतर्गत समस्त गौशालाओं को पूर्ण रूपेण संचालित किया जाकर प्रतिवेदन दिनांक 30.12.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। संबंधित क्षेत्रांतर्गत यदि गौवंश/गौशाला से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अथवा झूठी शिकायत होनी की स्थिति में शिकायत का खण्डन किया जाकर अविलंब प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# जनसुनवाई में सीईओ ने सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 170 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।



# 26 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोठिया में रेल्वे लाइन के निर्माण हेतु विद्युत लाइन शिफ्टिंग कराने हेतु दिनांक 26.12.2024 को सुबह 8 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि दिनांक 26 दिसम्बर को 33 के.व्ही. कोठिया से पचोखर-मवई एवं 11 के.व्ही. पटेहरा लाइन से संबंधित सभी गॉव में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कार्य की अधिकता के आधार पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# स्वच्छ, स्वस्थ एवं स्वर्णिम भारत बनाने में विद्यार्थी अपना योगदान दें : गीता

## शासकीय महाविद्यालय मझौली में प्राचार्य सहित छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान



**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खुले में कूड़े करकट फेंकने से रोकना, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने कहा कि युवाओं के श्रमदान से भारत स्वच्छता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महाविद्यालय हमारा घर है इसे साफ बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। स्वर्णिम भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोफेसर बी एल सिंह अयाम ने रासेयो के वॉलिंटियर एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल सरकारों का काम नहीं है बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, अशैक्षणिक स्टाफ एवं अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

# दीनदयाल रसोई केन्द्र के माध्यम से निराश्रित लोगों को मिल रही मदद

**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी के सहयोग से संचालित दीनदयाल रसोई केन्द्र के माध्यम से ऐसे लोग जिनका कोई सहारा नहीं है, वह अकेले में जीवन यापन कर रहे हैं, रसोई केंद्र तक नहीं आ रहे हैं अथवा रसोई केंद्र आने में असमर्थ हैं ऐसे व्यक्तियों के लिए दीनदयाल रसोई केंद्र सीधी के माध्यम से प्रतिदिन दो वक्त का भोजन नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है। साथ ही ऐसे व्यक्तियों को अस्थाई तौर पर जिनके पास रहने के लिए स्वयं की व्यवस्था नहीं है उनके लिए आश्रय स्थल (रैन बसेरा) की भी व्यवस्था की गई है। वेदवती कुशवाहा, रामवती केवट एवं कलावती वर्मा जो कि आश्रय स्थल सीधी में निवास कर रही है उनके भोजन की भी व्यवस्था रसोई केंद्र के माध्यम से की जा रही है। साथ ही रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान ऐसे हितग्राही जो आश्रय स्थल में नहीं रुकना चाहते उनके लिए भी रसोई के माध्यम से हितग्राहियों तक जाकर भोजन प्रदाय किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल द्वारा शहर के सभी नगरवासियों से अपील की गई है कि ऐसे बेघर व्यक्ति अगर खुले आसमान में, मंदिर, बस स्टैंड इत्यादि जगहों पर निवास कर रहा हो तो उनके लिए आश्रय स्थल में रहने की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है। साथ ही साथ ऐसा कोई व्यक्ति जो अकेले निवासरत है और उनको भोजन उपलब्ध नहीं हो रहा है ऐसे व्यक्ति दीनदयाल रसोई केंद्र में आकर भोजन कर सकते हैं।

## सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

# दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर सम्पन्न

## 116 दिव्यांग बच्चों के बने प्रमाणपत्र, 276 बच्चों को सहायक उपकरणों के लिए किया गया चिन्हित

**सीधी।** केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन सप्ताह तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केन्द्र सीधी के सहयोग से कक्षा 1 से 08 तक अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों हेतु चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर विकासखण्डवार आयोजित किया गया। शिविरों में कुल 894 दिव्यांग बच्चे उपस्थित हुए। उपस्थित बच्चों को एलिमको जबलपुर के विशेषज्ञों के द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरान्त एलिमको विशेषज्ञों के द्वारा 276 बच्चों को आवश्यकतानुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेलकिट, एम.आई.



एस.किट, सी.पी.चेयर, कैलीपर, श्रवण यंत्र, रोलेटर आदि के लिए चिन्हित किया गया। इस दौरान जिला मेडिकल बोर्ड सीधी के चिकित्सकों के द्वारा 116 दिव्यांग बच्चों का मेडिकल प्रमाण-पत्र बनाया गया। उपकरण हेतु चिन्हित बच्चों को एलिमको के द्वारा 2 माह बाद उपकरण प्रदाय किए जाएंगे। उपकरण प्राप्त होने के बाद चिन्हित बच्चों के लिए विकासखण्डवार पुन: शिविर आयोजित कर बच्चों को उपकरण वितरण किया जायेगा। शिविर में योजनाओं का लाभ मिलने से दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता एवं अभिभावक खुश और संतुष्ट दिखे। उन्होंने शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के जीवन को सहज बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयास की सराहना की।

## सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

# पीएम समृद्धि योजना से दिलीप चौरसिया को मिला संबल

**सीधी।** केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन सप्ताह तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव भी साझा किए जा रहे हैं, जो अन्य हितग्राहियों को प्रेरित करने का काम कर रहे हैं।

नगर पालिका क्षेत्र सीधी के दिलीप चौरसिया एक पथ विक्रेता हैं। वह पूड़ी-सब्जी का व्यवसाय करके अपना जीवन यापन कर रहे थे जिससे उन्हें लगभग 7 से 8 हजार रुपये प्रति माह की आमदनी हो रही थी। कोरोना काल के कठिन समय में घर बैठने के कारण उनकी पूंजी टूट गई थी। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद भी व्यवसाय चालू करने के



लिए कहीं से पैसों की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। दिलीप चौरसिया अपना अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि उन्हें शासन द्वारा चलाई गई पीएम समृद्धि योजना के बारे में पता चला जिससे उन्होंने नगर पालिका सीधी से अपना पंजीयन करवाया और बिना किसी परेशानी के उनका पंजीयन एवं विक्रय प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसके उपरांत उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से केनरा बैंक शाखा से 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त लोन का आवेदन किया बिना किसी परेशानी के उनका लोन बैंक से हो गया। 10 हजार रुपये का लोन चुकता करने के बाद उन्हें पुन: 20 हजार रुपये का ब्याज मुक्त लोन मिला। कोविड के समय से ही उन्हें डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया के विषय में जानकारी हुई और उन्होंने ऑनलाइन लेनदेन प्रारंभ किया जिससे उन्हें कैशबैक सुविधा की भी प्राप्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि अब उनका जीवन पुन: पटरी पर लौट आया है और व्यवसाय भी अच्छा चल रहा है। शासन के अन्य योजना से मेरी पत्नी को लाडली बहना योजना, संबल योजना एवं शासन की स्वानिंधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत भी लाभान्वित किया गया है।

# 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। ग्राम धनखोरी तहसील गोपद बनास जिला सीधी के रघुवीर सिंह की दिनांक 22.07.2024 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पत्नी श्यामकली सिंह को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कांग्रेस ने बाबा भीमराव अंबेडकर को हारने के लिए लगाया था जी जान, छुड़ा लिया था केंद्रीय मंत्री पद : प्रमोद

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने कांग्रेसियों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर हाय तौबा मचाने पर कांग्रेसियों को आढे हाथों लिया है।



कांग्रेस की रैली निकलने के पश्चात जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस एवं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का बाबा साहब के प्रति व्यवहार निंदनीय एवं अक्षम्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सदैव अपमान करने का घृणित कार्य किया है। कांग्रेस ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को हारने के लिए की जान लगाकर लगा दिया था । कांग्रेस के नेतृत्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण बाबा साहब को केंद्रीय मंत्री पद का त्याग करना पड़ा था। कांग्रेस अपने पाप का प्रायश्चित करें और देश की जनता से माफी मांगे।

# बाबा साहब के तिरस्कार का कांग्रेस करें प्रायश्चित, धोए अपने पाप : सांसद

## युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का फूका पुतला

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में कांग्रेस एवं उनके नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एडिटिंग वीडियो के दुष्प्रचार एवं लगातार भ्रामकता फैलाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला फूंक कर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।



पुतला दहन करने के पूर्व भाजपा पार्टी कार्यालय से राहुल गांधी की पुतले के रूप में अर्थी निकलते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी शर्म करो, शर्म करो, कांग्रेस तेरी गुंडागर्दी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेस भवन के पास पहुंचकर राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ के बीच जबरदस्त आक्रोश देखा गया।

पुतला दहन के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब का लगातार अपमान और तिरस्कार किया है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब को संसद में घुसने नहीं दिया। कांग्रेसियों ने अपने खानदान को भारत रत्न दिए, जबकि दलितो के मसीहा बाबा साहब को भारत रत्न से वंचित किया। अब इस कांग्रेस के वंशज और कांग्रेस पार्टी घड़ियालु आंसू बहते हुए बाबा साहब की प्रतिमा कभी जमीन में रखती है, कभी पैड बनाकर काम करती है।

# बड़े शहरो की तर्ज पर होगा जिला चिकित्सालय में उपचार : रीती

## इमरजेंसी एवम कैजुअल्टी वार्ड से मरीजो की होगी प्राणों की रक्षा : दीपारानी

**सीधी।** पूर्व कार्यकाल में रेफर सेंटर के नाम से ख्याति प्राप्त जिला चिकित्सालय में लगातार सुविधा एवं संसाधनो में सुधार कर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिये युद्ध स्तर पर कार्य जारी हैं। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही बड़े शहरो की तर्ज पर जिले वासियों का उपचार जिला अस्पताल में ही होगा। मरीजो को बड़े शहरो की ओर रूख करने से राहत मिल सकती है।

स्थानीय विधायक श्रीमती रीती पाठक ने चर्चा के दौरान बताया कि भाजपा शासन काल में सब का साथ सबका विकास एवम आखरी पंक्ति के आखरी व्यक्ति को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने हेतु लगातार कार्य चल रहे हैं। श्रीमती पाठक ने बताया कि जिले के दूरस्त गॉव के मरीज बेहतर उपचार की चाह लिये जिला



चिकित्सालय आते हैं किन्तु सुविधा साधन एवम चिकित्सक के अभाव में जिला अस्पताल में हर मर्ज का उपचार संभव नही हो पाता था। जिसको देखते हुए क्षेत्रीय विधायक होने के नाते लगातार सीएम व पीएम तक जनता की आवाज बन कर बात को रखती आ रही हूँ। जिसका परिणाम यह है कि जिले में लगातार कई सौगातें मिल रही हैं। जल्द सीधी जिला अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में पूर्ण रूप से सक्षम हो सके इस दिशा में प्रयास जारी हैं।

### अन्य जिलो से बेहतर साबित हो रहा सीधी : दीपा रानी

डॉ.दीपारानी इशरानी ने चर्चा के दौरान बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जिला चिकित्सालय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने हेतु सक्षम बनाया जा रहा है। साथ ही कई उपलब्धियों के कारण आज यह स्थिती निर्मित हो रही है कि सीधी जिले का नाम प्रदेश स्तर पर हो रहा है और शासन द्वारा पुरस्कृत किया जा रहा है। डॉ दीपा ने बताया कि वर्ष 2024 में जिला चिकित्सालय ने कई उपलब्धियॉ हॉसिल की हैं। जिसमें प्रमुख रूप से सुरक्षित मातृत्व के अंतर्गत माह अप्रैल से दिसम्बर 24 में 3843 से ज्यादा सुरक्षित प्रसव जिला चिकित्सालय में कराये गयें। जिसमें जच्चा एवं बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य हालत में घर की ओर रवाना किये गयें। वहीं अन्य मरीजो की बात करें तो एलएससीएस ऑपरेशन कर 715 प्रसव कराये गयें। इसके साथ ही 3040 प्रसव हेतु सोनोग्राफी की गयी। एसएनसीयू के माध्यम से 1170 बच्चों को स्वस्थ कर घर के लिये रवाना किया गया। जिला चिकित्सालय के दक्ष चिकित्सको के द्वारा बीमारी से पीड़ित 297 मरीजो का ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। जिला चिकित्सालय की उपलब्धियों की अगर बात करें तो क्लब फुट क्लीनिक के माध्यम से 15 बच्चे जिनमें जन्म जात टेढ़े मेढ़े पैर थें उनका सफलता पूर्वक उपचार कर उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोडने का प्रयास सफल रहा। जिला चिकित्सालय के टीबी वार्ड के माध्यम से 200 से ज्यादा मरीज लाभान्वित हुए हैं।

## संपादकीय

### 'हर हादसे से सबक लेने की बात' लेकिन नतीजा, बार–बार त्रासदी

किसी भी हादसे का सबक यही होना चाहिए कि वैसी लापरवाहियां न बरती जाएं। हर तरह के सुरक्षात्मक इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा वैसी त्रासदी न हो। मगर विडंबना है कि एक जैसी दुर्घटनाएं बार-बार हो जाती हैं और बहुस्तरीय लापरवाही कायम रहती है। करीब पांच महीने पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में जमा लोगों के बीच भगदड़ मच गई थी। उस घटना की भयावहता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसमें एक सौ तेईस लोगों की जान चली गई और डेढ़ सौ से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।ऐसा नहीं कि वह कोई अकेली घटना थी, जिसमें व्यवस्था में लापरवाही की वजह से लोगों की मौत हुई, बल्कि जब-तब उस तरह के आयोजन होते रहते हैं और उनमें कई तरह की लापरवाहियां हादसे को न्योता देती रहती हैं। जबकि आयोजकों और प्रशासन को यह अंदाजा रहता है कि अगर बड़ी संख्या में लोग किसी जगह जमा हो रहे हैं, तो वहां हादसे की आशंका होती है।गौरतलब है कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक कथावाचक का प्रवचन सुनने एक लाख से ज्यादा लोग जमा हो गए। खबरों के मुताबिक, आयोजन स्थल में प्रवेश द्वार पर फैली अव्यवस्था की वजह से कई महिलाएं गिर गईं। सुर्खियों में आए एक वीडियो में भी कुछ महिलाएं भीड़ में गिरती दिखीं, लेकिन पुलिस का बयान आया कि वहां भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। गनीमत थी कि कुछ लोगों के तत्काल सक्रिय होने की वजह से अफरातफरी की स्थिति कोई भगदड़ या बड़े हादसे में तब्दील होने से बच गई, वरना जितनी संख्या में लोग वहां पहुंचे थे, उसमें नतीजों का बस अंदाजा लगाया जा सकता है।सच यह है कि पहले हुए ऐसे हादसों के बावजूद, आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के चलते ऐसी स्थिति बनी रहती है। ऐसे में कभी भगदड़ के कारण लोगों की मौत हो जाती है, तो उसके लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहरा कर असली कसूरवारों पर शायद ही कभी सख्त कार्रवाई होती है।

# अटल जी के नदी जोड़ो स्वप्न से मिली जनगण को सौगात

● डॉ. मोहन यादव

उजियारे में, अंधकार में,
कल-कछार में, बीच धार में,
क्षणिक जीत में दीर्घ हार में,
जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।।

कदम मिलाकर चलने का उद्घोष करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100वीं जयंती है। भारत निर्माण के दृष्टा श्रद्धेय श्री अटल जी को शत-शत नमन।

श्रद्धेय अटल जी ने संघ के स्वयंसेवक से लेकर राष्ट्रधर्म के संपादक, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के दायित्वों के बीच कार्यकर्ताओं की पीढ़ियां निर्मित कीं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना के सभी पक्षों ने देश को आधार प्रदान किया।

धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था।उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी 100वीं जयंती पर आज मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है।

मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वर्तमान पीढ़ी के भागीरथ श्री नरेन्द्र मोदी जी खजुराहो में देश की पहली, महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ श्रद्धेय अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प और समृद्धि का सपना मूर्तरूप लेगा।मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, सैकड़ों नदियों की विपुल जलराशि से समृद्ध है। प्रदेश की नदियों के आशीर्वाद से यह बहुउद्देशीय परियोजना बुंदेलखंड की जीवन रेखा साबित होगी।

यह परियोजना छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी और लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ संपूर्ण मध्यप्रदेश को मिलेगा।

केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली, कृषि, उद्योग और पेयजल के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। खेत को पानी मिलने से फसलों का अमृत बरसेगा। किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी



जिससे पलायन रुकेगा और नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। जलराशि की विपुलता के साथ बाढ़ तथा सूखा, दोनों समस्याओं का समाधान होगा।

हमारा संकल्प है विरासत के साथ विकास। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुएपरियोजना में ऐतिहासिक चंदेलकालीन 42 तालाबों को सहेजने का कार्य किया जायेगा।यह तालाब वर्षाकाल में जल से भर जायेंगे। इससे धरती का जल स्तर बढ़ेगा जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से हम इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल होंगे और बुंदेलखंड की प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। इसी विश्वास के साथ मैंने बुंदेलखंड के किसानों से यह आग्रह किया था कि यहां के सूखे का तोड़ निकल जायेगा, किसी भी हाल में अपनी जमीन मत बेचना। मुझे खुशी है कि मेरा वह विश्वास सही साबित हुआ।

यह हमारे लिये प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, इस समय जनकल्याण पर्व मना रहा है। अटल जी के 100वीं जयंती पर त्रिपक्षीय अनुबंध से केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को मिलना अद्भुत संयोग है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि कुछ दिनों पूर्व हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की सौगात दी थी। इस परियोजना में 21 बांध, बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।

एक साथ प्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाना ऐतिहासिक अवसर है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इतिहास में बुंदेलखंड शौर्य, पराक्रम, वीरता और बलिदान का प्रतीक है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड अब नदी परियोजना से विकास की भूमि के रूप में जानी जायेगी।

मुझे बताते हुये आनंद है कि आज ही के दिन प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रीन ऊर्जा के प्रति किये गये प्रयास धरातल पर उतरने वाले हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा पर विकसित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है।

लोकतंत्र की प्रथम इकाई, ग्राम पंचायत से आरंभ होती है। अटल जी ने गांव को सुशासित और सशक्त बनाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने, श्रद्धेय अटलजी के स्वप्न को साकार करने के लिये गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, समृद्ध और सुशासित बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत का अपना भवन हो, इसके लिये प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे।

श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर आज शुरू होने वाली ऐतिहासिक परियोजनाओं और कार्यों से प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड जलशक्ति से संपन्न हो जायेगा और किसान समृद्ध होंगे। इससे समूचे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और युवाओं को नौकरी के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा।

सौभाग्य से यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार से। हमारी सरकार ने पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगों को छोटे शहरों तक पहुंचाने का नवाचार किया है। यह कार्य और आगे बढ़ेगा।मध्यप्रदेश प्रगति और उन्नति का नया इतिहास रच कर अग्रणी राज्य के रूप में आकार लेगा।

राष्ट्र दृष्टा श्रद्धेय अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को जहां अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वहीं भविष्य के लिये नदी जोड़ो परियोजनाओं की संकल्पना से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। उसी पर चलकर मध्यप्रदेश समृद्धि, विकास, निर्माण और खुशहाली का नया अध्याय रचेगा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्रद्धेय अटल जी के संकल्प को पूरा करने खजुराहो आ रहे हैं। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आप भी हरी-भरी वसुंधरा के लिये होने वाले इस अनुष्ठान में शामिल होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें।

श्रद्धेय अटल जी के जन्म के 100वें वर्ष में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को संपूर्ण राष्ट्र की आदरांजलि है।

**(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# आरएसएस की धर्मनिरपेक्ष छवि बनाने के मिशन में जुटे हैं भागवत, हिंदुओं को कैसे समझा पाएंगे संघ प्रमुख?

(संतोष पाठक)

कुछ लोगों के लिए मोहन भागवत का यह स्टैंड जरूर अनोखा और नया होगा ? भाजपा से पिछले कुछ वर्षों के दौरान जुड़े नए लोग खासतौर से सोशल मीडिया पर सक्रिय भाजपा के नए कैडर के लोग इसे लेकर मोहन भागवत की आलोचना करते भी नजर आने लगे हैं।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया जिन्हें आमतौर पर सरसंघचालक के रूप में संबोधित किया जाता है,मोहन भागवत क्या धर्मनिरपेक्षता के फेर में फंस गए हैं ? क्या आरएसएस के मुखिया संघ की धर्मनिरपेक्ष छवि बनाने के मिशन में जुटे हुए हैं ? यह सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि मोहन भागवत लगातार और बार-बार मंदिर-मस्जिद को लेकर बयान दे रहे हैं। राम मंदिर आंदोलन को पूरी तरह से समर्थन देने वाला वो संगठन ( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) जिसने अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन को घर घर का आंदोलन बनाने के लिए अपने अनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद को पूरी ताकत से मैदान में उतार दिया था और अपने राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी को इसे देश की राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा बनाने में भरपूर मदद की थी। उसी संघ के मुखिया, सरसंघचालक मोहन भागवत आज कह रहे हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर को तलाशने की मुहिम बंद होनी चाहिए। कुछ नेता मंदिर-मस्जिद का मसला उठा कर हिंदुओं का बड़ा नेता बनना चाहते हैं। संघ प्रमुख के इस तरह के कई बयान पिछले कुछ महीनों से लगातार सुर्खियां बनते नजर आ रहे हैं।

यही वजह है कि अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या मोहन भागवत संघ की छवि धर्मनिरपेक्ष बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं ? क्या संघ प्रमुख यानी सरसंघचालक का पद छोड़ने से पहले मोहन भागवत संघ को एक ऐसी संस्था का स्वरूप देना चाहते हैं, जिसे हिंदुओं के साथ-साथ भारत में रहने वाला हर मुसलमान और ईसाई भी अपना संगठन माने ? कुछ लोगों के लिए मोहन भागवत का यह स्टैंड जरूर अनोखा और नया होगा ? भाजपा से पिछले कुछ वर्षों के दौरान जुड़े नए लोग खासतौर से सोशल मीडिया पर सक्रिय भाजपा के नए कैडर के लोग इसे लेकर मोहन भागवत की आलोचना करते भी नजर आने लगे हैं।

हालांकि संघ की राजनीति और कार्यकलाप को लंबे समय से देखने वाले समझदार विश्लेषक यह बात अच्छी तरह से समझ रहे हैं कि संघ के अंदर आखिर चल क्या रहा है ? वे इस बात को भी बखूबी समझ रहे हैं कि यह कोई पहला मौका नहीं है,जब संघ अपनी छवि को बदलने का प्रयास कर रहा है।

दरअसल, 90 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी के पीछे होने और अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही संघ के अंदर के एक बड़े खेमे को यह समझ आ गया था कि भारत में अगर भाजपा को कांग्रेस की तरह लंबे समय तक शासन करना है तो उसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलना ही होगा।

संघ के चौथे सरसंघचालक राजेन्द्र सिंह, जो रज्जू भैया के नाम से प्रसिद्ध हैं के कार्यकाल में ही संघ के अंदर बदलाव को लेकर विचार विमर्श शुरू हो गया था। हालांकि इसे अमलीजामा पहनाया संघ के पांचवे सरसंघचालक केएस सुदर्शन ने। केएस सुदर्शन ने अपने कार्यकाल में संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2002 में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का गठन किया। इस मंच को देश के मुस्लिम समाज को संघ के साथ जोड़ने का टास्क सौंपा गया। इंद्रेश कुमार पिछले 22 वर्षों से देशभर में घूम-घूमकर मुस्लिम समाज को साधने के मिशन में जुटे हुए हैं।

लेकिन ऐसा लग रहा है कि इंद्रेश कुमार को बहुत ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाने की वजह से अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं ही मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है। वर्ष 2009 में संघ की कमान संभालने वाले मोहन भागवत को अब यह लगने लगा है कि संघ की छवि को बदलने का अनुकूल समय आ चुका है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को लेकर भी अब मुस्लिम समुदाय के अंदर उस तरह का हठ नजर नहीं आ रहा है, जैसा कि एक जमाने में अयोध्या को लेकर नजर आया करता था। यही वजह है कि संघ प्रमुख लगातार इस तरह का बयान दे रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भाजपा के साथ जुड़े नए लोगों को यह समझ नहीं आ पा रहा है। ऐसे में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को दो मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा है। पहली लड़ाई तो भाजपा के उन लोगों, नेताओं, कार्यकर्ताओं और सोशल मीडिया के पोस्ट बहादुरों से लड़ना पड़ रहा है जो मंदिर के एकसूत्री एजेंडे के कारण ही भाजपा से जुड़े थे । वहीं आने वाले दिनों में संघ प्रमुख और संघ के स्वयंसेवकों को दूसरी लड़ाई, देश के उन करोडों हिंदुओं से भी लड़नी पड़ेगी,जो संघ के मुस्लिम और मस्जिद राग को हजम नहीं कर पा रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5592

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2002 को इस देश के गोंजालों लोजाडा नए राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. यह पश्चिमी प्रशांत में आर्किपेलागो है जो 26 द्वीपों और 300 से अधिक आइसलेट्स से बना है जिसकी राजधानी मेलेकि योक है (3)
7. काज, कार्य, कर्म (2)
8. समकोटिय, समतल, समकक्ष (3)
9. एक प्रकार का चंचल पक्षी जो चितकबरा और काला दो प्रकार का होता है (3)
11. बोझा या सामान उठाकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
12. कोणयुक्त, नागा या अनुपस्थिति (2)
13. कला आदि सिखलाने वाला (2)
14. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
16. शतरंजी, बिछाने का मोटा कपड़ा (2)
17. भारत की मुख्य भाषाओं में से एक (3)
19. धातु या मिट्टी आदि को टोंटीदार लोटा जो पूजादि में पयुक्त होता है(3)
21. पाशबद्ध करना, ठिठुरना (4)
22. फटे हुए कपड़े या छेद में तागा भरकर उसे बंद करना (2)
23. नृत्य करना (3)
24. हिमाचल प्रदेश राज्य की पहाड़ियों का एक महत्वपूर्ण पर्वतीय स्थल है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मौन करना, चुप करना (8)
2. दुर्गण, अपभ्रंश, कसर, बिगाड़ (3)
3. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
4. पार्श्वास्थि, गोलाकार अस्थियों का पिंजरा (3)
5. तिब्बत में बौद्धों का धर्माचार्य, वज्राचार्य (2)
6. वूल, रोम, मेष, लोम (2)
10. कथन, भाषण (4)
11. धृतराष्ट्र या दुर्योधन को यह भी कहा जाता था (4)
13. लापता, पलायित, विलब्ध (2)
15. परिधान, वेश, जामा, ड्रेस (4)
18. सही आकार होना, आकार अनुकूल होना (4)
20. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)

### वर्ग पहेली 5591 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | क | ओ | बा | मा | ■ | टो |
| ह | ह | क | र | ना | ■ | रो | ड |
| री | ■ | ह | ■ | ■ | ग | ज | र |
| न | ख | रा | ■ | गु | म | ना | म |
| ■ | र | ■ | रा | ज | क | म | ल |
| रा | ज | कु | मा | र | ■ | वा | ■ |
| त | ■ | ■ | य | ■ | फि | ■ | आ |
| ना | रा | य | ण | ■ | जी | व | न |

# सोशल प्रिस्क्रिप्शन' से दवा के बगैर इलाज ! नए चलन के पीछे क्या है?

(कल्पना जैन)

आजकल कुछ पश्चिमी देशों में डॉक्टर मरीजों का इलाज सिर्फ दवा से नहीं कर रहे हैं। यहां 'सोशल प्रिस्क्रिप्शन' का चलन बढ़ा है। इसमें डॉक्टर मरीजों को उनकी कम्युनिटी से जोड़ने के नुस्खे लिख रहे हैं। इंग्लैंड में शुरू हुए इस आंदोलन के तहत मरीजों को उनकी पसंद के सामाजिक समूह से जोड़ने का 'इलाज' अपनाया जा रहा है। ये समूह बुनाई, सिलाई या संग्रहालय की सैर पसंद करने वाले या अन्य लोग हो सकते हैं। इस तरीके में कोशिश यह रहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग दवा के बिना ही बेहतर महसूस करें।

**गोलियों पर आधारित चिकित्सा तंत्र:** जिन हालात में लोग पैदा होते हैं, बड़े होते हैं, रहते हैं और काम करते हैं, स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालते हैं। लेकिन कुछ अपवादों को छोड़कर, डॉक्टर सामाजिक परिस्थितियों का इलाज नहीं करते। आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल तंत्र पूरी तरह से गोलियों और प्रक्रियाओं पर आधारित है।

**सामाजिक नुस्खे के चैंपियन:** लंदन के डॉक्टर बोगदान चिवा गिउरका जो विश्व स्तर पर सामाजिक नुस्खे के चैंपियन हैं, कहते हैं कि इस नए आंदोलन के तहत डॉक्टर मरीजों से यह नहीं पूछते कि 'आप कैसे हैं?' उनका प्रश्न होता है, 'आप क्या चाहते हैं?' वह जानने की कोशिश करते हैं कि मरीज के रोज के जीवन में क्या चल रहा है, जो रोग का मूल कारण हो सकता है।

**अमेरिका में भी जोर:** 'सोशल प्रिस्क्रिप्शन' का चलन कई अमेरिकी शहरों में भी जोर पकड़ रहा है। बीमा कंपनियां बढ़ती बीमारियों को देखते हुए इस पर जोर दे रही हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि संग्रहालय में समय बिताने से सेहत पर अच्छा असर होता है। यह बात रिसर्च से पता चली है। यह देखते हुए न्यू जर्सी की एक बीमा कंपनी संग्रहालय के टिकट की कीमत चुकाने को तैयार हो गई है।

**लाइफ स्टोरी क्लब:** अमेरिका के शहरों में डॉक्टर प्रयास में लगे हैं कि अकेलेपन और वृद्धावस्था के कारण हो रही बीमारियों को बिना दवा के रोका जाए। क्लीवलैंड शहर में एक डॉक्टर ने कुछ समय पूर्व 'लाइफ स्टोरी क्लब' शुरू किया, जहां युवा लोग बुजुर्गों के जीवन की कहानियां सुन और उनसे सीख सकते हैं। क्लीवलैंड क्लिनिक के आर्देशीर हाशमी का कहना है कि जो बुजुर्ग सिर्फ घबराहट के कारण अस्पतालों में भर्ती हो जाते थे, अब वे युवाओं के साथ मेल-मिलाप में हिम्मत पाते हैं।

**मेलजोल में कमी:** इस सबके पीछे एक बड़ा कारण है लोगों के आपसी मेल-जोल में कमी और 'बिजनेस' का दखल। उदाहरण के तौर पर, डॉक्टर और मरीज कितनी देर बातचीत करेंगे और डॉक्टर क्या दवा देंगे, यह सब काफी हद तक बीमा कंपनियों पर निर्भर करता है।

**समाज से जुड़े चिकित्सक:** मेरे बचपन के डॉक्टर मेरे माता-पिता और पूरे परिवार से परिचित थे। मेरे बच्चों के डॉक्टर भी हमारे परिवार को अच्छी तरह जानते थे। यह जानकारी बीमारी को जल्दी पकड़ लेने में उनकी मदद करती थी।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपके लिए सम्?मान प्राप्ति के योग हैं। आज किसी से भी उधार लेने से बचें, चाहे वह व्यक्ति हो, बैंक हो या कोई संस्था हो। पुराने दोस्तों का साथ मिलेगा और नए दोस्त भी बनेंगे। जीवनसाथी के परिवार से अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। रात का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

**वृष**

वृषभ आज बहुत व्यस्त रहेंगे। भागदौड़ में सावधानी बरतें, वरना आपको चोट लग सकती है। आपके निर्णय लेने की क्षमता आज आपके काम आएगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अगर किसी काम में निवेश करना पड़े तो दिल खोलकर करें, आगे चलकर अच्छा फायदा होगा।

**मिथुन**

आज फिजूलखर्ची से बचें। अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं तो तकलीफ बढ़ सकती है। सामाजिक कामों में रुकावटें आएंगी। अचानक से कुछ लाभ होने से आपका धर्म और अध्यात्म में रुझान बढ़ेगा। बच्चों की तरफ से खुशखबरी मिलेगी। शाम से रात तक गाने-बजाने और संगीत में रुचि रहेगी।

**कर्क**

आज दिन भाग्यशाली रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। बच्चों के प्रति आपका विश्वास और मजबूत होगा। ननिहाल पक्ष के लोगों से आपको आर्थिक मदद प्राप्त होगी। सहयोग मिलने की संभावना है। आप अपनी शान-शौकत पर पैसा खर्च करेंगे ।

**सिंह**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक बेचैनी, उदासी और चिंता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद दिन के दूसरे हिस्से में राहत देगा। ससुराल पक्ष से नाराजगी मिल सकती है। मीठी बातें करें वरना रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। अगर आंखों से जुड़ी कोई समस्या है ।

**कन्या**

आज निडरता का भाव रहेगा। आप मुश्किल कामों को हिम्मत से पूरा कर पाएंगे। माता-पिता का पूरा सुख और सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी को शारीरिक तकलीफ हो सकती है। फिजूलखर्ची का भी योग है। आप दूसरों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपकी मजबूरी या स्वार्थ समझेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा।

**तुला**

आज दिन शुभ है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों की भलाई के बारे में सोचेंगे और दिल से उनकी सेवा भी करेंगे। नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। गुरु के प्रति भक्ति और निष्ठा रखें और उनका सम्?मान रखें। आपको धन लाभ होगा और परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार की मदद प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**

आज मन परेशान रहेगा। व्यापार बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास विफल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय पा लेंगे। अगर कोई मुकदमा चल रहा है तो उसमें जीत मिलने की पूरी संभावना है। आपके लिए लाभ और तरक्की के योग बने हैं ।

**धनु**

आज विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना बढ़ेगी और आपके सम्?मान में वृद्धि होगी। धार्मिक कामों में रुचि लेंगे और पूरा सहयोग करेंगे। भाग्य का भी साथ मिलेगा, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शाम से रात तक आपकी तबियत बिगड़ सकती है।

**मकर**

आज लाभ होगा और आपके लिए तरक?की के योग बने हैं। कुछ अनचाहे खर्चे भी करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। किसी नए काम में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपको लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।

**कुंभ**

आज नई-नई खोज में समय बिताएंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। परिवार के लोगों से धोखा मिल सकता है। सांसारिक सुख, नौकर-चाकरों का सुख मिलेगा। शाम से रात तक किसी पास की यात्रा हो सकती है, जो लाभकारी रहेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। जो लोग नौकरी करते हैं उनके ऊपर काम का काफी बोझ रहेगा।

**मीन**

आज दिन खास है। लंबे समय से चले आ रहे बेटे या बेटी से जुड़े किसी विवाद का हल निकलेगा। आपका खुशमिजाज स्वभाव लोगों को आपकी तरफ आकर्षित करेगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा। रात में परिवार और दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सबरीमाला में मंडल पूजा की तैयारी जोरों पर, मनाया गया कर्पूरा अजी उत्सव

**तिरुवनन्तपुरम, एजेंसी।** सबरीमाला में मंडल पूजा की तैयारी जोरों पर है। त्रावणकोर देवस्थानम के कर्मचारियों ने मंदिर में कर्पूरा अजी उत्सव मनाया। 26 दिसंबर को मंडल पूजा होगी, जिसे लेकर त्रावणकोर देवस्थानम के कर्मचारियों ने कर्पूरा अजी जुलूस निकाला। यह जुलूस भक्ति और उत्साह के साथ ढोल की आवाज में सबरीमाला सन्निधानम से शुरू हुआ। शाम 6.40 बजे, मंदिर के तंत्री कंदार राजीव और मेलसंथी अरुणकुमार नंबूथिरी ने ध्वज वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर कर्पूरा अजी का जुलूस शुरू किया। यह जुलूस मलिकापुरम मंदिर से होते हुए फुटपाथ तक पहुंचा और 18वीं सीढ़ी के पहले खत्म हुआ। जुलूस में अय्यप्पन के बाघ पर सवार होने के बाद, शिव, पार्वती, हनुमान और गणेश जैसे देवताओं के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगीन नृत्य और लाइट शो ने भक्तों का दिल खुश कर दिया। त्रावणकोर देवस्थानम के अध्यक्ष पी.एस. और सबरीमाला पुलिस के अधिकारी प्रशांत, सबरीमाला प्रशासनिक अधिकारी और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद केरल पुलिस कर्पूरा अजी जुलूस के दूसरे दिन में हिस्सा लेगी। मंडल पूजा से पहले कर्पूरा अजी को सन्निधानम में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंडल पूजा के लिए स्वर्ण वस्त्र 25 दिसंबर की शाम को सबरीमाला लाया जाएगा, जिसे अय्यप्पन पर चढ़ाकर एक विशेष दीपरथन आयोजित किया जाएगा। बता दें कि केरल के प्रसिद्ध मंदिर सबरीमाला में हर साल मंडला पूजा की जाती है। इस साल भी मंडला पूजा व्रत की शुरुआत 16 नवंबर 2024 से शुरू हो चुकी थी। कहीं पर इसे मंडल पूजा, तो कहीं मंडला पूजा के नाम से जाना जाता है। मंडल पूजा 41 दिन के व्रत का समापन है। यह व्रत सूर्य के वृश्चिक राशि में प्रवेश के साथ शुरू होता है। इसके बाद मंडल पूजा सूर्य के धनु राशि में होने पर मनाई जाती है। यह एक कठिन तपस्या होती है। भक्त पूरे विधि-विधान से व्रत का पालन करते हैं।

### कृषि मंत्री शिवराज बोले- सरकार संकट में किसानों के साथ, दुनिया की फूड बास्केट बन सकता है भारत

**पुणे, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी फसल का उचित मूल्य देने के लिए पिछले 10 वर्षों में एमएसपी को दोगुना किया गया है। यूपीए सरकार की तुलना में कई गुना अधिक खरीद की गई है... संकट के समय सरकार किसानों के साथ खड़ी है। पीएम मोदी ने हमेशा किसानों के हित में फैसले लिए हैं। सरकार भारत को दुनिया की फूड बास्केट (खाद्य टोकरी) बनाने के लिए प्रतिबद्ध कृषि मंत्री चौहान सोमवार को महाराष्ट्र दौरे पर थे। उन्होंने पुणे के गोखले राजनीति एवं अर्थशास्त्र संस्थान (एईआरसी) के प्लेटिनम जुबली सम्मेलन को संबोधित किया। चौहान ने कहा कि देश को दुनिया की फूड बास्केट (खाद्य टोकरी) बनाने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में आने वाली सभी अड़चनों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। चौहान ने कहा कि पीएम मोदी 25 दिसंबर को नदी जोड़ो परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इससे देश में कई हिस्सों में आ रही बाढ़ और कई हिस्सों में सूखे से निजात मिल सकेगी। इससे जहां ज्यादा बारिश होती है और जहां सूखा पड़ता है उन क्षेत्रों को इससे लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीक विकसित करनी चाहिए, जिससे कम पानी में ज्यादा सिंचाई हो सके।

### गिरिराज सिंह का आरोप, बाबा साहेब को नेहरू खानदान ने किया प्रताड़ित

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को नेहरू खानदान ने प्रताड़ित किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आईएएनएस से बात की। संभल के बाद कानपुर के मुस्लिम बहुल इलाके बेकनगंज में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा अवैध तरीके से कब्जाए गए मंदिरों को प्रमिला पांडे ने खुलवाया। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये देश का दुर्भाग्य है कि कुछ लोग भारत को बांग्लादेश और पाकिस्तान बनाना चाहते हैं। बात संविधान की करेंगें, लेकिन संविधान को मानेंगे नहीं। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट के ऑर्डर से संभल जाएंगे तो पत्थर चलाएंगे। मंदिर मिलेगा तो मूर्ति गायब करेंगे। जो कानपुर की स्थिति हुई है और जो संभल की स्थिति है, यह बताता है कि देश के अंदर 1947 के बाद ये भाईचारे के बदले इन्होंने भाई जान का साथ दिया और भाईचारे को दरकिनार कर दिया। ये राहुल गांधी, अखिलेश यादव और लालू यादव के लिए भाईचारे का संदेश देते हैं। कांग्रेस मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन करने वाली है। इसपर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जिंदगी भर, अगर किसी ने उनके साथ पाप किया है तो वो कांग्रेस ने किया है। नेहरू खानदान ने किया है। राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत सभी को बाबा साहेब से नहीं, देश से माफी मांगना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी ने बाबा साहेब को प्रताड़ित किया तो नेहरू खानदान ने किया है।

# अब मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष चयन पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी, कहा- नियुक्ति में आम सहमति की हुई अनदेखी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष और सदस्य के चयन की प्रक्रिया मौलिक रूप से गलत थी। यह पूर्व निर्धारित था। साथ ही नियुक्ति को लेकर परामर्श और आम सहमति की अनदेखी की गई। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश वी राम सुब्रमण्यम को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का नया अध्यक्ष बनाया है। जबकि खरगे और राहुल गांधी ने इस पद के लिए जस्टिस रोहिंटन फली नरीमन और जस्टिस कुट्टियिल मैथ्यू जोसेफ के नाम प्रस्तावित किए थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त जज अरुण कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक जून को खत्म हो गया था। इसके बाद से आयोग के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था। नए अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए 18 दिसंबर को संसद में चयन समिति की बैठक हुई थी। इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने समिति की चयन प्रक्रिया को गलत बताया था। उन्होंने कहा कि यह पूर्व-निर्धारित था। इसमें आपसी परामर्श और आम सहमति को नजरअंदाज किया गया। इससे निष्पक्षता प्रभावित होती है। दोनों नेताओं ने कहा कि



विचार-विमर्श को बढ़ावा देने और सामूहिक निर्णय करने की बजाय समिति ने नामों पर मुहर लगाने के लिए संख्यात्मक बहुमत पर भरोसा किया। जबकि बैठक में उठाए गए मुद्दों की अनदेखी की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का काम सभी नागरिकों और खासकर समाज के उत्पीड़ित और हाशिए पर पड़े वर्गों के मानवाधिकारों की रक्षा करना है। राहुल गांधी और खरगे ने यह कहा अपने असहमति नोट में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि आयोग की संरचना समावेशिता और प्रतिनिधित्व पर काफी हद तक निर्भर करती है। समिति का काम यह तय करना है कि मानवाधिकार आयोग विभिन्न समुदायों, मानवाधिकार उल्लंघन का सामना करने वाले संवेदनशील लोगों के प्रति संवेदनशील बना रहे। इसलिए हमने योग्यता और समावेश की जरूरत देखते हुए अध्यक्ष पद के लिए न्यायमूर्ति रोहिंटन फली नरीमन और न्यायमूर्ति कुट्टीयल मैथ्यू जोसेफ के नाम प्रस्तावित किए हैं। अल्पसंख्यक पारसी समुदाय के प्रतिष्ठित जस्टिस रोहिंटन फली नरीमन अपनी बौद्धिक गहराई और सांविधानिक मूल्यों को लेकर प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी नियुक्ति से एनएचआरसी के बारे में एक मजबूत संदेश जाएगा। इसी तरह से अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस जोसेफ ने लगातार ऐसे फैसले दिए हैं, जिनमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता और हाशिए पर पड़े समूहों की सुरक्षा पर जोर दिया गया है। इसलिए वह आयोग के अध्यक्ष पद के लिए एकदम सही उम्मीदवार हैं। वहीं सदस्यों के पद के लिए हमने जस्टिस एस मुरलीधर और जस्टिस अकील अब्दुल हमीद कुरैशी के नामों की सिफारिश की। मानवाधिकारों की रक्षा करने का दोनों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहतर है। असहमति नोट में दोनों नेताओं ने लिखा कि आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर योग्यता जरूरी है। लेकिन देश की क्षेत्रीय, जाति, समुदाय और धार्मिक विविधता में संतुलन बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। इस संतुलन का प्रभाव होगा कि आयोग समावेशी दृष्टिकोण के साथ काम करेगा। लेकिन इन सब सिद्धांतों की अनदेखी करके समिति आयोग में जनता के विश्वास को खत्म करने का जोखिम उठा रही है। खरगे ने कहा कि बैठक में चयन समिति के बहुमत को बड़ा मानकर सिद्धांतों की अनदेखी करने का दृष्टिकोण बेहद खेदजनक है।

हमने जो नाम प्रस्तावित किए हैं, वे आयोग के मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप हैं। उनको न मानना प्रक्रिया की निष्पक्षता के बारे में महत्वपूर्ण चिंता पैदा करता है। कैसे होती है एनएचआरसी प्रमुख की नियुक्ति एनएचआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति राष्ट्रपति एक चयन समिति की सिफारिश पर करते हैं। इस चयन समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं, जबकि इसमें लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा के उप सभापति भी सदस्य होते हैं। जस्टिस मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद एनएचआरसी की सदस्य विजया भारती को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर', हल्की बारिश से भी नहीं बदले हालात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता मंगलवार को गंभीर स्तर पर बनी रही। सुबह 7 बजे हल्की बारिश के बावजूद हवा का औसत एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 401 रहा। दिल्ली में सबसे खराब हवा की गुणवत्ता बवाना स्टेशन पर रही, जहां एक्यूआई 455 दर्ज किया गया। वहीं, इहबास दिलशाद गार्डन स्टेशन पर सबसे कम एक्यूआई 222 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। रोहिणी (451), आनंद विहार (442), और पंजाबी बाग (431) जैसे इलाकों में भी हवा की गुणवत्ता गंभीर रही। शादीपुर में एक्यूआई 360 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली में आज सुबह ठंड बढ़ी। सुबह 5־30 बजे न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हल्की बारिश और तापमान में गिरावट के कारण सर्दी और बढ़ गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोहरे के लिए पीला अलर्ट जारी किया है और साथ ही हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

कुछ इलाकों में घना कोहरा था, जिससे लोगों को देखने में काफी परेशानी हुई। 16 दिसंबर से पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत कड़े उपायों को लागू किया गया, लेकिन इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है। ग्रेप के इस चरण के उपाय प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे सख्त होते हैं।

## हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल, आईपीएस सौरभ सिंह बने सीआईडी चीफ

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में रविवार को प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यहां पर आईपीएस सौरभ सिंह को सीआईडी चीफ और आईपीएस आलोक मित्तल को एडीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल हुआ है। यहां पर 1993 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक मित्तल को एंटी करप्शन ब्यूरो और एडिशनल रेजिडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी सौरभ सिंह को एडीजीपी/सीआईडी नियुक्त किया गया है।

हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद से प्रशासनिक फेरबदल लगातार जारी है। इसे पहले दो दिसंबर को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई थी। प्रदेश सरकार ने 44 अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की थी। आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया था।

# भारत जोड़ने की पहल, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की अहम बैठक में देशहित और समरसता पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली के उर्दू घर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मंच के आगामी 23वें स्थापना दिवस (24 दिसंबर) के उपलक्ष्य में किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने की। बैठक में मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय संयोजक, सह संयोजक और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मंच की आगामी रणनीति तैयार करना और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा करना था। बैठक में शामिल प्रमुख सदस्यों में मोहम्मद अफजाल, डॉ. शाहिद अख्तर, अबु बकर नकवी, विराग पाचपोर, डॉ. माजिद तालिकोटी, डॉ. शालिनी अली, शाहिद सईद, सैयद रजा हुसैन रिजवी, हाफिज साबरीन, इमरान चौधरी, फैज खान, और शाकिर हुसैन का उल्लेख हुआ।

बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद विवाद पर दिए गए बयान की जमकर सराहना की गई। मंच ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि भारत को मंदिर-मस्जिद विवादों में उलझने के बजाय विकास और समरसता पर ध्यान देना चाहिए। भागवत के बयान, जिसमें उन्होंने मंदिरों के नीचे मस्जिद खोजने की गतिविधियों को अनावश्यक बताया था, की प्रशंसा करते हुए मंच ने



कहा कि यह विचार देश के 142 करोड़ लोगों के बीच भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देता है। मंच ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इन मुद्दों का राजनीतिक लाभ उठाने से बचें और समाज में शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

**संभल और बांग्लादेश के मुसलमानों को संदेश :** मंच ने संभल और बांग्लादेश के मुसलमानों को संबोधित करते हुए मोहन भागवत के विचारों पर खुलकर विचार करने की अपील की। मंच ने कहा कि उनके विचार किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और भारत को मजबूत बनाने के लिए हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर मंच ने गहरी चिंता व्यक्त की। मंच ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह हिंदू, बौद्ध, और अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। संभल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में मंच ने मुसलमानों से राजनीतिक दलों के षड्यंत्रों से बचने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

**वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का समर्थन :** बैठक में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए इसे मुसलमानों और देश के विकास के लिए आवश्यक बताया गया। मंच ने वक्फ संपत्तियों की लूट और गबन रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया और सुझाव दिया कि इन संपत्तियों का सही प्रबंधन सुनिश्चित कर विधवाओं, यतीमों और जरूरतमंदों की सहायता की जाए। बैठक में मंच ने कहा कि भारत की एकता और समरसता को त्योहारों की तरह मनाया जाना चाहिए। अल्पसंख्यकों से अपील की गई।

## राहुल गांधी आरोप लगाने के मशीन बन गए हैं : शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के परभणी दौरे और महायुति पर आरोप लगाने पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने सोमवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी आरोप लगाने के मशीन बन गए हैं। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा, राहुल गांधी बिना तथ्य और जानकारी के सुनी सुनाई बातों पर रिएक्शन देते हैं। जहां भी उनको फुटेज मिलता है और फोटो छप जाए, उसके लिए अनर्गल बयान देना शुरू कर देते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुद साफ किया है कि परभणी में क्या घटना हुई है। लेकिन इस घटना पर राजनीति करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

आम आदमी पार्टी के भाजपा के आरोप पत्र को झूठा बताने पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, केजरीवाल ने दिल्ली में कोई काम नहीं किया। उनके जो पुराने स्टेटमेंट है, उसको जनता याद रखेगी और जनता खुद उसका आकलन करेगी। केजरीवाल पहले कहते थे कि वो गाड़ी, बंगला नहीं लेंगे, लेकिन जनता के पैसे से शीश महल बनाया। बादशाहों जैसा महल और सोने का टॉयलेट बनवाया।




इसी तरह उन्होंने यमुना नदी, कूड़ा और दिल्ली की सड़कों को लेकर जनता से क्या कहा था? भ्रष्टाचार को लेकर भी उनकी कथनी और करनी में अंतर है। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को बहुत झेल लिया, अब वो चुनाव नहीं जीत सकते। अगर उनकी पार्टी तीन सीट भी जीतती है, तो बहुत बड़ी बात होगी।

समाजवादी पार्टी के विधायक द्वारा भाजपा को हिंदू आतंकवादी संगठन बताने पर भाजपा नेता ने सपा मुखिया एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके विधायकों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव और उनके पार्टी के विधायक भाषा की मर्यादा को तोड़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा के लिए जो बोला है, वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। गुंडा, मवाली और अपराधियों की पार्टी भाजपा को इस तरह से बोल रही है। लाल टोपी पहनकर उनका दिमाग खराब हो गया है। उनको ऐसी भाषा बोलने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, पश्चिमी चंपारण से बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ने यात्रा निकाली है। उनके नेतृत्व में बिहार में प्रगति हुई है और वो प्रगति के प्रतीक है, इसलिए वो प्रगति यात्रा पर निकले हैं। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, तेजस्वी यादव सरकार में आने वाले नहीं है। इसलिए वो कोई भी वादा कर रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए जीतेगा। महिलाओं और बच्चियों के लिए जितना काम नीतीश कुमार ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया है।

## मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर रामभद्राचार्य ने कहा, वह संघ के संचालक, हिंदू धर्म के नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के बयान कि कुछ लोग मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा इसलिए उठाते हैं, ताकि वो स्वयं हिंदुओं को बड़े नेता के रूप में स्थापित हो सके। इस पर रामभद्राचार्य ने कहा, यह उनका व्यक्तिगत बयान हो सकता है, वह संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं। दरअसल, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा कुछ लोग इसलिए उठाते हैं ताकि वे स्वयं को हिंदुओं के नेता के रूप में स्थापित कर सकें। विशेष रूप से, राम मंदिर के संदर्भ में ऐसी बातें ज्यादा देखने को मिल रही हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर मीडिया से बात करते हुए स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि उनका यह बयान व्यक्तिगत हो सकता, इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है, क्योंकि वो हमारे अनुशासक नहीं है। वो संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं। उन्होने स्पष्ट किया कि हमारा ध्यान सदैव धर्म के अनुशासन और सत्य पर रहता है। जहां-जहां हिंदू धर्म के प्रमाणित स्थल हैं, वहां हमारी उपस्थिति होगी। जहां भी प्राचीन मंदिरों के प्रमाण उपलब्ध होंगे, हम उन्हें दोबारा स्थापित करने का प्रयास करेंगे। यह हमारे लिए कोई नई कल्पना नहीं है, बल्कि सत्य के




आधार पर हमारी संस्कृति और धर्म का संरक्षण है। उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के दौरान मारे गए लोगों की घटना को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्?होंने कहा क? हिंदुओं को एक होना चाहिए, उनका ध्रुवीकरण नहीं होना चाहिए। पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर कदम उठा रही है, लेकिन अब और कठोर कदम उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहूंगा कि वो कठोर रुख अपनाएं। इसके साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ के आयोजन पर उन्होंने खुशी जाहिर की।

# चुनाव आयोग से मिला बीजद प्रतिनिधिमंडल, मतगणना में वोटों के अंतर पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजद के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को 2024 के संसद और ओडिशा विधानसभा चुनावों में वोटों में अंतर पर एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेता डॉ अमर पटनायक ने कहा कि हमने जो तीन मुद्दे उठाए हैं उनमें से एक है किसी विशेष बूथ पर एक ही ईवीएम में डाले गए वोटों की तुलना में गिने गए वोटों की संख्या। हमने कुछ उदाहरण दिए हैं जहां अंतर या विसंगति है। दूसरे, हमने बताया है कि 11־45 पर रिपोर्ट किए गए मतदान प्रतिशत और दो दिन बाद रिपोर्ट किए गए अंतिम मतदान प्रतिशत में व्यापक अंतर है। पटनायक ने आगे कहा कि तीसरा बिंदु यह था कि एक साथ चुनाव के लिए संसद में जितने वोट पड़े हैं और विधानसभा में जितने वोट पड़े हैं, जब दोनों के लिए वोट करने के लिए लोग एक ही बूथ पर जा रहे हैं, तब भी विसंगति थी। इसलिए हमने भारत के चुनाव आयोग के समक्ष जो निवेदन किया है वह यह है कि ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम समझने में असमर्थ हैं। तो या तो मशीन या आदमी के साथ कोई समस्या है जो मैनुअल है या प्रक्रिया में ही है और हमने चुनाव आयोग से इन मामलों की जांच करने और हमें स्पष्टीकरण



देने का अनुरोध किया है।

बीजद नेता ने आगे कहा कि यह ओडिशा चुनाव के इतिहास में पहली बार है और शायद देश में भी, शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद सूचित मतदान प्रतिशत और दो दिनों के बाद चुनाव आयोग द्वारा बताए गए अंतिम मतदान प्रतिशत 147 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 में 15-30 प्रतिशत तक का अंतर देखा गया। 30 विधानसभा क्षेत्रों में यह बदलाव 15-20 फीसदी और 10 सीटों पर 20-25 फीसदी था। दो विधानसभा क्षेत्रों - कांतमल और क्योंझर में - भिन्नता क्रमशः 28.69 प्रतिशत और 30.64 प्रतिशत पर सबसे अधिक थी। उन्होंने कहा कि क्योंझर सीट जहां से मुख्यमंत्री मोहन माझी चुने गए थे, वहां सबसे ज्यादा अंतर देखने को मिला। यदि आपने वोट डालने के लिए इंतजार कर रहे लोगों को ध्यान में रखते हुए रात 11.45 बजे को कट-ऑफ बिंदु के रूप में लिया, तो अंतर अभी भी 10 प्रतिशत था। इसके लिए एक गंभीर विश्लेषण और जांच की आवश्यकता है क्योंकि इंटरनेट सुविधाओं सहित संचार के तरीकों में स्पष्ट सुधार हुआ है और हमने चुनाव आयोग से भी यही मांग की है।



# बेन स्टोक्स हुए क्रिकेट से दूर

## 3 महीने तक नहीं खेल सकेंगे कोई मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बेन स्टोक्स की चोट है कि उनका पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही. 4 महीने में दूसरी बार इंग्लैंड के ऑलराउंडर को एक ही चोट ने जकड़ लिया है. ये चोट है हैमस्ट्रिंग की.

स्टोक्स को फिर से हैमस्ट्रिंग इंजरी हो गई है, जिसके चलते उन्हें 3 महीने क्रिकेट से दूर रहना होगा. बेन स्टोक्स को उनके बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है. स्टोक्स को ये इंजरी न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी थी, जिसमें इंग्लैंड को 423 रन से हार का सामना करना पड़ा था. इंग्लैंड ने हालांकि सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी.

### ईसीबी ने स्टोक्स की इंजरी पर अपडेट दी

अब जब 33 साल के स्टोक्स को इंग्लैंड की टीम में वापसी किए महीने भर ही बीते थे कि फिर से उसी इंजरी ने उन्हें जकड़ लिया और नतीजा ये हुआ कि वो 3 महीने के लिए क्रिकेट से दूर हो गए. इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने 23 दिसंबर को स्टोक्स के स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद उनके हैमस्ट्रिंग इंजरी के उभरने की जानकारी दी.

### अगस्त में भी स्टोक्स को हुई थी ये इंजरी

बेन स्टोक्स को हुई हैमस्ट्रिंग इंजरी 4 महीने में दूसरी बार उभरकर सामने आई है. इससे पहले ये इंजरी इस साल अगस्त में भी उन्हें हुई थी, जब वो मेंस हण्ड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के खिलाफ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की ओर से खेल रहे थे. तब हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते वो 2 महीने क्रिकेट से दूर रहे थे.

# अधिबन भास्करन नें जीता ताशकेंत इंटरनेशनल शतरंज का खिताब



**ताशकेंत (उज्बेकिस्तान) एजेंसी।** भारत के अनुभवी ग्रांड मास्टर अधिबन भास्करन नें लंबे समय बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए ताशकेंत इंटरनेशनल शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है , अधिबन एक समय 2700 रेटिंग को पार करने वाले भारत के पांचवें शतरंज खिलाड़ी बने थे और पिछले कुछ समय में खराब प्रदर्शन कर चलते 2535 रेटिंग अंको पर पहुँच गए थे । अधिबन नें इस टूर्नामिंट में छठे वरीय खिलाड़ी के तौर पर शुरुआत की पर उन्होने अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , अधिबन नें अंतिम तीन राउंड में दूसरे वरीय हमवतन एसपी सेथुरमन , तीसरे वरीय कजक्सितान के रिनात जुमाबयेव और नौवे वरीय स्वीडन के सिवुक विताली को मात देते हुए शानदार अंदाज में खिताब जीता , इस दौरान उन्होने 2729 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए 21 अंक रेटिंग में जोड़ते हुए खुद को 2556 की रेटिंग पर पहुंचा दिया है । यूएसए के तिमूर गैरव 7 अंक बनाकर दूसरे और कज़ाकिस्तान के अजमत उटेगालिएव 6 अंको पर अपने बेहतरीन टाईब्रेक के चलते तीसरे स्थान पर रहे ।



चेस कॉन्ट्रोवर्सीः

# शतरंज खिलाड़ी तानिया ने दिल्ली सरकार से मान्यता नहीं मिलने पर दुख जताया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तानिया, डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल भारत की उस टीम में शामिल थीं जिन्होंने हंगरी के बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड की महिला स्पर्धा का खिताब जीता था। यह पहली बार था जब देश ने खिताब जीता था। ओलंपियाड स्वर्ण विजेता भारतीय शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव ने सोमवार को दिल्ली सरकार से 'मान्यता नहीं मिलने' पर दुख जताया जिसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले पर 'विचार और सुझाव' के लिए उनसे संपर्क किया। राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली 38 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता तानिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अभी तक उनकी उपलब्धियों को मान्यता नहीं दी है।

तानिया ने 'एक्स' पर लिखा, 2008 से भारत के लिए खेलने के बाद शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली सरकार से मान्यता नहीं मिलना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं वे सीधे उत्कृष्टता को प्रेरित करते हैं और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। दुख की बात है कि दिल्ली ने अभी तक यह कदम नहीं उठाया है।

उन्होंने कहा, 2022 शतरंज ओलंपियाड में मैं ऐतिहासिक टीम कांस्य और व्यक्तिगत पदक जीता। दो साल बाद 2024 में ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक और आज तक राज्य सरकार द्वारा कोई मान्यता नहीं दी गई है। उन्होंने आतिशी और उनकी सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को टैग करते हुए उनसे राज्य के शतरंज खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया।

आतिशी ने उनके पोस्ट का जवाब देते हुए उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया और साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार खेल प्रतिभाओं का समर्थन करती रही है। आतिशी ने कहा, हाय तानिया, हमने हमेशा अपने सभी एथलीटों और खिलाड़ियों का समर्थन किया है, खासकर हमारे स्कूलों में। आपसे मिलना और यह समझना अच्छा लगेगा कि शतरंज खिलाड़ियों के लिए और क्या किया जा सकता है।ट

उन्होंने कहा, मेरा कार्यालय आपसे संपर्क करेगा और मैं आपके विचारों तथा सुझावों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। तानिया, डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल भारत की उस टीम में शामिल थीं जिन्होंने हंगरी के बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड की महिला स्पर्धा का खिताब जीता था। यह पहली बार था जब देश ने खिताब जीता था। तमिलनाडु की रहने वाली वैशाली और तेलंगाना की रहने वाली हरिका को उनकी संबंधित राज्य सरकारों ने 25-25 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। दिव्या को उनके गृह राज्य महाराष्ट्र ने एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया। तानिया की अन्य उपलब्धियों में 2022 शतरंज ओलंपियाड में टीम कांस्य के साथ-साथ बोर्ड चार पर व्यक्तिगत कांस्य जीतना शामिल है। तानिया 2005 में महिला ग्रैंडमास्टर बनने वाली आठवीं भारतीय थीं।

# ट्रैविस हेड का मेलबर्न टेस्ट खेलना तय नही

- **कोच बोले- मांसपेशियों में खिंचाव, सैम कोंस्टास डेब्यू करेंगे**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बैटर ट्रैविस हेड का मेलबर्न टेस्ट में खेलना तय नहीं हैं। वे क्वाड स्ट्रेन (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) से परेशान हैं। वहीं, 19 साल के सैम कोंस्टास डेब्यू के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्र्यू मैक्डॉनाल्ड ने मंगलवार को बताया कि हेड को गाबा टेस्ट के दौरान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हुआ। उन्होंने बताया कि कोंस्टास बॉक्सिंग-डे टेस्ट से डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्हें नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न के एमसीजी मैदान पर खेला जाएगा।

बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्र्यू मैक्डॉनाल्ड ने मीडियो से बात की।

### ऑस्ट्रेलियाई कोच ने कहा-

ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे युवा कोंस्टास 19 साल के सैम कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया के 468वें टेस्ट खिलाड़ी बनने जा रहे हैं।

वे ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट डेब्यू करने वाले पैट कमिंस के बाद दूसरे युवा खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। कोंस्टास से पहले पैट कमिंस ने 2011 में 18 साल की उम्र में डेब्यू किया था।

# स्मृति मंधाना को मिला दमदार खेल का इनाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है. इससे पहले दोनों टीमों के बीच इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेली गई थी. इस सीरीज में भारतीय टीम ने 2-1 से बाजी मारी थी. भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना का बल्ला इस सीरीज में जमकर चला था. वनडे में भी वह एक के बाद एक शानदार पारियां खेल रही हैं.

इसी बीच आईसीसी ने महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है. इस रैंकिंग में स्मृति मंधाना को बड़ा फायदा हुआ है. स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में फिलहाल दूसरे नंबर पर हैं. अब उन्होंने टी20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी सुधार किया है. वनडे के बाद टी20 में भी वह दूसरे नंबर पर आ गई हैं. टी20 में अब स्मृति मंधाना की रेटिंग 753 हो गई हैं. वह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से पीछे हैं. उनकी रेटिंग 757 है.

# शाहीन अफरीदी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेलने से किया इनकार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया। इस टीम में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का नाम शामिल नहीं थी। इसकी वजह अब सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहीन ने खुद ही बोर्ड से कहा है कि वह उनका सेलेक्शन न करे। साथ ही स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने की इच्छा भी जाहिर की है। कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है । अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं।

# विवाद के बाद मनु को खेल-रत्न दे सकती है सरकार

- **पहले लिस्ट में नाम नहीं था, भाकर ने पेरिस में डबल मेडल जीते थे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शूटर मनु भाकर को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड देने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार, खेल मंत्रालय एग्जीक्यूटिव पावर (विशेषाधिकार) से मनु को खेल रत्न देने की तैयारी कर रहा है। एक सूत्र ने कहा- अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक हफ्ते में पुरस्कारों का खुलासा हो सकता है। खेल मंत्री एक या दो दिन में इस पर फैसला लेंगे। फाइनल लिस्ट में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है।

एक दिन पहले मनु भाकर के पिता रामकिशन भाकर ने कहा था कि खेल रत्न अवॉर्ड के लिए मनु की उपेक्षा की गई है। उनके इस बयान के बाद नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट विवादों आ गई। पहले इस सूची में मनु भाकर का नाम नहीं था। सबसे पहले दैनिक भास्कर ने नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड की लिस्ट दी थी। इस लिस्ट में मनु भाकर का नाम नहीं था।

मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। मनु के पिता ने नाराजगी जताई थी कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि खेल रत्न की नॉमिनेशन लिस्ट में मनु भाकर का नाम नहीं है। इस पर मनु भाकर के पिता ने नाराजगी जाहिर की। मनु के पिता ने कहा कि मनु ने अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया। भारत में ओलिंपिक खेलों की अहमियत नहीं है।



देश के लिए खेलने और पदक जीतने का क्या फायदा, जब सम्मान के लिए हाथ फैलाना पड़े। वे पिछले दो तीन साल से लगातार सारे पुरस्कारों के लिए आवेदन कर रही है और मैं इसका गवाह हूं। इसमें खेल रत्न, पद्मश्री और पद्म भूषण सम्मान शामिल है। इसके बाद खेल मंत्रालय बैकफुट पर आ गया।

# भारत ने 19 टी-20 वर्ल्डकप के लिए टीम घोषित की, निकी प्रसाद को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी जबकि सानिका चालके उप-कप्तान होंगी। टीम में कमलिनी जी और भाविका अहिरे के रूप में दो विकेटकीपर हैं, जबकि तीन स्टैंडबाय खिलाड़ी नंदना एस, इरा जे और अनादि टी को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत मौजूदा चैंपियन है और उसे मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह मलेशिया (21 जनवरी) और श्रीलंका (23 जनवरी) के खिलाफ मैच खेलेगा। ग्रुप चरण के मैच



19 से 23 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। इनमें प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम 25 से 29 जनवरी के बीच होने वाले सुपर सिक्स में जगह बनाएंगी। सुपर सिक्स में छह छह टीम के दो ग्रुप होंगे। सुपर सिक्स में प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जो 31 जनवरी को खेला जाएगा। फाइनल दो फरवरी को होगा।

### भारतीय टीमः

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। स्टैंडबाय खिलाड़ीः नंदना एस, इरा जे, अनादि टी।

शूटिंग चैम्पियनशिपः

# निशानेबाज शाहू ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पहला खिताब, रूद्रांक्ष ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**भोपाल, एजेंसी।** रूद्रांक्ष ने 254.9 का शानदार स्कोर बनाकर जूनियर फाइनल जीता। उन्होंने इस दौरान ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लियाओ द्वारा बनाए गए सीनियर फाइनल विश्व रिकॉर्ड को 0.4 अंकों से पार किया।

रेलवे के निशानेबाज शाहू तुषार माने ने भोपाल में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सीनियर स्तर पर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता, जबकि महाराष्ट्र के पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने सोमवार को विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। रूद्रांक्ष ने 254.9 का शानदार स्कोर बनाकर जूनियर फाइनल जीता। उन्होंने इस दौरान ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लियाओ द्वारा बनाए गए सीनियर फाइनल विश्व रिकॉर्ड को 0.4 अंकों से पार किया। रेलवे के माने ने 24 निशाने के फाइनल के दौरान कभी भी 10.1 से कम का निशाना नहीं लगाने के बावजूद बेहद मामूली अंतर से खिताब अपने नाम किया। कोल्हापुर के इस



निशानेबाज ने धनुष श्रीकांत की आखिरी समय में की गई जोरदार वापसी को विफल कर दिया। श्रीकांत ने 252.2 अंक बटोरे और माने से सिर्फ 0.1 अंक पीछे रहे। राजस्थान के यश वर्धन ने कांस्य पदक जीता और रूद्रांक्ष ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इस फाइनल में एक अन्य ओलंपियन रवि कुमार आठवें स्थान पर रहे।

### सीनियर वर्ग की निराशा को रूद्रांक्ष ने जूनियर में समाप्त किया

पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष ने सीनियर फाइनल में निराशा के बाद जूनियर पुरुषों के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कर्नाटक के अभिषेक शेखर को 3.5 अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण जीता। हरियाणा के हिमांशु ने कांस्य पदक हासिल किया। हिमांशु ने दिन में पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग के तीनों फाइनल्स में भाग लिया और 253.0 के स्कोर के साथ 10 मीटर एयर राइफल युवा वर्ग में स्वर्ण जीता। यह उनका दिन का दूसरा पदक था।

# 97 आवेदन पत्रों में की गई जन सुनवाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 97 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सात दिवस की समय सीमा में जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का निराकरण करके आवेदक को इसकी सूचना दें। आवेदनों के निराकरण की ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराएं। सभी अधिकारी जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आवेदनों का समुचित निराकरण करें।



जनसुनवाई में त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा निवासी कलवारी ने सड़क निर्माण में भूअर्जन की राशि के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने भूअर्जन अधिकारी को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। गयाशरण सिंह निवासी बहुरीबांध ने धान उपार्जन की राशि में ऋण राशि की अधिक कटौती को वापस करने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रमाकांत द्विवेदी निवासी हरदुआ ने समग्र आईडी में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद सिरमौर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। विवेक पाण्डेय निवासी गोदकला ने उनके पट्टे की जमीन का विवरण खसरे में दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षक भू अभिलेख को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड तीन राजेन्द्र सिंह ने स्वत्वों के भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण कराने के निर्देश दिए। रामनारायण विश्वकर्मा निवासी चोरहटा ने नक्शे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। राममनोहर द्विवेदी निवासी तिघरा ने जमीन विवाद के कारण उनके घर में नलजल योजना का कनेक्शन न देने की शिकायत की। अपर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक जल निगम को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में छात्रवृत्ति भुगतान, बिजली बिल में सुधार, मजदूरी भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, जमीन के सीमांकन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाहन मालिक तत्काल बैंक खाते की जानकारी दें

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों को गंतव्य तक पहुंचाने तथा निर्वाचन सामग्री के परिवहन के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। इन वाहनों की लंबित राशि का भुगतान किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने अधिग्रहीत वाहनों के मालिकों से किराये की राशि प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। बैंक खाते की जानकारी प्राप्त होते ही स्वीकृत भुगतान जारी कर दिया जाएगा। सभी वाहन मालिक तत्काल बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत कर दें। समय पर बैंक खाता न मिलने पर आवंटित राशि समर्पित कर दी जाएगी।

# उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और नियुक्तियों की प्रगति की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आईपीएचएस मानकों के अनुरूप कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत पदों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और चिकित्सकीय व सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की पूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माणाधीन कार्यों की सतत निगरानी और समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, एमडी एमपीबीडीसी डॉ. पंकज जैन, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, पीआईयू और एमपीबीडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में ली गई सुशासन की शपथ

**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया गया। अस्पताल के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव ने डॉक्टरों तथा चिकित्सा कर्मियों को सुशासन की शपथ दिलाई। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि सभी डॉ तथा चिकित्साकर्मी रोगियों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें तथा बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराएं। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अनुशासन तथा सुशासन के उच्चतम मापदण्डों का पालन करें।

# स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** स्वामित्व योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम 27 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर योजना के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे तथा हितग्राहियों से संवाद करेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। अतिथियों के आमंत्रण एवं मंचीय व्यवस्था की जिम्मेदारी एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को सौंपी गई है। कार्यक्रम स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए प्रभारी तहसीलदार यतीश शुक्ला को तैनात किया गया है। पात्र हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लेकर आने और पट्टा वितरण की व्यवस्था के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती विन्ध्या मिश्रा और नायब तहसीलदार श्रीमती वेदवती सिंह को तैनात किया गया है। कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे और अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने नगरीय निकायों और नगर पंचायतों में कार्यक्रम के आयोजन के लिए भी नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। नगर परिषद गुढ़ में आयोजित कार्यक्रम के लिए एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी तथा जनपद पंचायत कार्यालय गंगेव एवं नगर परिषद मनगवां में आयोजित कार्यक्रम के लिए एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अक्षत मैरिज गार्डन त्योंथर के लिए एसडीएम संजय कुमार जैन तथा जनपद पंचायत कार्यालय जवा के लिए एसडीएम पीयूष भट्ट को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## संभाग की 1099 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को मिला उन्नयन का लाभ

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित सभी मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों का उन्नयन पूर्ण आंगनवाड़ी केन्द्रों में कर दिया गया है। इनमें पदस्थ मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का भी उन्नयन पूर्ण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता में हो गया है। इसके लिए इन्हें किसी भी तरह के आवेदन पत्र की आवश्यकता नहीं है। रीवा संभाग में 1099 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों का उन्नयन एक दिसम्बर 2024 से कर दिया गया है। इस संबंध में संयुक्त संचालक श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उसी आंगनवाड़ी केन्द्र में कार्य करेंगी।

# संभागीय अधिकारियों ने जनकल्याण शिविरों में की शिरकत

रीवा

रीवा संभाग के सभी जिलों में प्रशासन गांव की ओर अभियान तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याण शिविर लगाकर आमजनता के आवेदनों का निराकरण करने के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जनकल्याण शिविरों में समन्वय तथा ग्राम स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय कार्यालयों के निरीक्षण के लिए संभागीय अधिकारियों के पाँच दल तैनात किए गए हैं। इनमें शामिल



संभागीय अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके जनकल्याण शिविरों में शिरकत कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा छात्रावास, स्कूल, धान खरीदी केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा अस्पतालों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। कमिश्नर श्री जामोद के निर्देशों के अनुसार सीधी जिले के चुरहट में आयोजित जनकल्याण शिविर में संयुक्त संचालक कृषि, संयुक्त संचालक पशुपालन तथा दल के अन्य सदस्य शामिल हुए। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के 62 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में पशुपालक किसानों के केसीसी बनाने के लिए 91 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के 15 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। नगरीय क्षेत्र चुरहट में हैण्डपंपों के सुधार के 25 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों के दल ने अनुसूचित जाति बालक छात्रावास चुरहट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उपस्थित छात्रों से छात्रावास की भोजन, आवास तथा साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली गई।

# दिव्यांग कन्या छात्रावास का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रीवा।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले के अधिकारियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के साथ ही शासकीय संस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा शहर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित दिव्यांग कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। कलेक्टर का छात्रावास पहुंचने पर दिव्यांग बालिकाओं ने स्वागत गीत गाकर अभिनंदन किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से पठन-पाठन के साथ ही उनकी खेल में रूचि की भी जानकारी ली। छात्रावास में रहने वाली कटनी जिले व शहडोल जिले की छात्राओं ने कलेक्टर को बताया कि उनका मन अच्छे से लगता है और वह पूरे लगन के साथ पढ़ाई भी कर रही हैं।कलेक्टर ने छात्रावास में कक्षों, किचन तथा बालिकाओं के लिए इंडोर गेम हाल का भ्रमण किया तथा उनको और बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बालिकाओं से खेलों की रूचि की जानकारी ली जिस पर बालिकाओं ने कहा कि उन्हें बैडमिंटन, वॉलीबाल के लिए सामग्री व स्थल बनवा दें। कलेक्टर ने मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रावास के सामने के स्थल को समतल कर बैडमिंटन कोर्ट व वॉलीबाल कोर्ट बनाएं साथ ही पूरे परिसर की साफ-सफाई कराते हुए इसे और भी बेहतर बनाएं। कलेक्टर ने छात्राओं के बीच जमीन में बैठकर फोटो भी खिंचवाई जिस पर सभी छात्राएँ काफी प्रफुल्लित नजर आईं। इससे पूर्व कलेक्टर ने घोघर स्थित दिव्यांग छात्रावास के परिसर का भ्रमण किया।

# जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

## जनकल्याण अभियान में 26, 27 और 28 दिसंबर को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 26, 27 और 28 दिसंबर को शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत अमिलिया और खरहरी, 27 दिसंबर को नयागांव, सुरसाकला और उकठा कंचनपुर में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 28 दिसंबर को बंजारी और हरदुआ में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत मैदान और अटरिया, 27 दिसंबर को दुआरी तथा धौचट तथा 28 दिसंबर को कचूर एवं गढ़वा में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत डगडैया और गाढ़ा 138 में, 27 दिसंबर को ग्राम पंचायत चौखण्डी और शिवपुर तथा 28 दिसंबर को ग्राम पंचायत चौर तथा बसरेही में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत रघुनाथगंज और रमपुरवा, 27 दिसंबर को गुढ़वा और देवरा एवं 28 दिसंबर को सूरा, तिवनी और सहेवा में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में ग्राम पंचायत 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत गंगतीरा कला और कोटरा खुर्द, 27 दिसंबर को पनासी तथा 28 दिसंबर को झोटिया और चन्द्रपुर में शिविर लगाये जायेंगे।

# कलेक्टर मऊगंज ने चार समिति प्रबंधकों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने धान उपार्जन में लापरवाही बरतने पर चार समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। जारी अलग-अलग नोटिस में कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति कोट, नईगढ़ी, भीर तथा जोधपुर के समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के लिए तैनात राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्रों में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस दिया गया है। निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्रों में दर्ज बारदाने की मात्रा में अंतर, धान का व्यवस्थित भण्डारण न होना, उपार्जित धान के भण्डारण में लापरवाही तथा खरीदी केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं में कमी पाए जाने पर नोटिस दिया गया है।

# आनंद उत्सव मनाने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत जिला और विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न आयोजन होंगे। आनंद उत्सव मनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति में सदस्य के रूप में आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा उप संचालक खेल एवं युवा कल्याण को शामिल किया गया है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 11349 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित शिविरों में कुल 14895 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 11349 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 3273 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 270 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 13440 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10023 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 7706, रायपुर कर्चुलियान में 1135, रीवा में 760, सिरमौर में 1270, गंगेव में 1169 तथा जवा में 1400 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं।

# कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान 3.0 की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की समीक्षा

## राजस्व शिविरों में राजस्व अधिकारी अनिवार्यतः उपस्थित रहे : कलेक्टर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व एवं अभियान के साथ ही प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिले में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी शिविरों में राजस्व अधिकारी अनिवार्यतः उपस्थित रहे तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण करायें।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार से कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुभागवार राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि आरसीएमएस में दर्ज शेष नामांतरण, सीमांकन, बटवारा के प्रकरण तत्काल निराकृत करायें। उन्होंने नवीन प्रकरणों की सुनवाई करने तथा प्रत्येक कैंप का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिये तथा कहा कि कोई भी पटवारी हल्का बिना भ्रमण के न रहे। समीक्षा के दौरान कार्य में शिथिलता पाये जाने पर सिरमौर अनुभाग अन्तर्गत उमरी पटवारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जवा अनुभाग में महाअभियान के प्रकरणों के निराकरण की इंट्री न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व महाअभियान में लंबित आधार सीडिंग, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा तरमीम व प्रधानमंत्री किसान योजना के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन सप्ताह में व्यवस्थित ढंग से कैंप आयोजन करने तथा प्राथमिकता से राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसएलआर ललन सिंह उपस्थित रहे। अनुभाग के एसडीएम वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े।

## उपार्जित धान के परिवहन को गति दें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्रों में उपार्जित धान के परिवहन को गति दें तथा परिवहनकर्ता को अधिक ट्रक लगाकर परिवहन कार्य में तेजी लाने के लिये निर्देशित करें। बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्रों में धान अधिक मात्रा में रखी है। परिवहनकर्ताओं द्वारा जो ट्रक लगाये गये हैं उनकी संख्या दुगनी कर परिवहन कार्य में तेजी लायें ताकि समय पर परिवहन हो सके। उन्होंने परिवहनकर्ताओं के लंबित राशि के भुगतान के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने समितियों को राशि के भुगतान कराने के लिये निर्देशित किया।



भारत सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 100वीं जन्म जयंती के
अवसर पर


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# ₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली
# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का
# शिलान्यास

तथा

## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण

## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन

## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी**

के कर-कमलों
द्वारा

### परियोजनाओं के लाभ

**केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना**

- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा। परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

**ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना**

- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

**अटल ग्राम सुशासन भवन**

- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**सी.आर. पाटिल**
केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
D-11136/24
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833